श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 183, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 1 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो विवाद होगा: योगी

## मस्जिद के अंदर त्रिशूल क्या कर रहा था: सीएम योगी, सपा नेता स्वामी प्रसाद ने किया पलटवार

**लखनऊः ज्ञानवापी** मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। सीएम योगी ने कहा कि मस्जिद के अंदर त्रिशूल क्या कर रहा था। मस्जिद कहेंगे तो फिर विवाद होगा। मुझे लगता है कि भगवान ने जिसको दृष्टि दी है वो देखे ना त्रिशूल मस्जिद के अंदर क्या कर रहा है, हमने तो नहीं रखा है ना। ज्योर्तिलिंग है देव प्रतिमाएं हैं। दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं। उधर, सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने पलटवार करते हुए इसे विवाद को हवा देने वाला बयान बताया। सीएम योगी ने कहा कि मुझे लगता है कि ये प्रस्ताव मुस्लिम समाज की तरफ से आना चाहिए कि ऐतिहासिक गलती हुई है और उस गलती के लिए हम चाहते हैं समाधान हो। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी एएनआई के पॉडकास्ट में अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान ज्ञानवापी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बड़ा बयान दिया। इस दौरान एक और अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश संविधान से चलेगा, मत और मजहब से नहीं। देखिए मैं ईश्वर का भक्त हूं, लेकिन किसी पाखंड में विश्वास नहीं करता हूं। आपका मत, आपका मजहब, अपने तरीके से होगा, अपने घर में होगा। अपनी मस्जिद, अपने इबादतगाह तक होगा। सड़क पर प्रदर्शन करने के लिए नहीं और इसको आप जो है किसी भी अन्य तरीके से दूसरे पर थोप नहीं सकते।



नेशन फर्स्ट। अगर देश में किसी को रहना है तो राष्ट्र को सर्वोपरि मानना है, अपने मत और मजहब को नहीं। वहीं, ज्ञानवापी को लेकर सीएम योगी के बयान का संत समाज ने स्वागत किया है। अखिल भारतीय संत समिति महामंत्री स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती कहा कि ज्ञानवापी का संघर्ष लंबा हो चला है, मुस्लिम समाज को पहल करने की जरूरत है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया पलटवारः सीएम योगी के बयान पर पलटवार करते हुए सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सभी धार्मिक स्थलों की 15 अगस्त 1947 की स्थिति को यथास्थिति स्वीकार किया जाए। मस्जिद में मंदिर खोजने का दुस्साहस कर रहे लोग इस विवाद हो हवा दे रहे हैं।

विवाद को आगे बढ़ाने की प्रथा शुरू कर रहे है, ऐसा ही चलता रहा तो इसी प्रथा के तहत कल लोग मंदिरों में बौद्ध मठ खोलना शुरू कर देंगे।

### कमीशन सर्वे की रिपोर्ट: ज्ञानवापी में त्रिशूल, डमरू और कमल जैसे चिह्न

**दरअसल,** स्थानीय कोर्ट के आदेश पर मई 2022 मे ज्ञानवापी का कमीशन सर्वे हुआ था। अदालत ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था। इसकी रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल होने के साथ ही लीक हुई थी।

मस्जिद के भीतर हाथी के सूंड़, त्रिशूल, पान, घंटियां दिखीं। मुख्य गुंबद के नीचे दक्षिणी खंभे पर स्वास्तिक का चिह्न मिला।

मस्जिद के प्रथम गेट के पास तीन डमरू के चिह्न मिले। उत्तर-पश्चिम दिशा में 15*15 फीट का एक तहखाना दिखा, जिसके ऊपर मलबा पड़ा था, वहां पड़े पत्थरों पर मंदिर जैसी कलाकृतियां।

3 फीट गहरा कुंड मिला। कुंड के चौतरफा 30 टोटियां लगी थीं। कुंड के बीच में लगभग 6 फीट गहरा कुआं दिखा। कुएं के बीचो-बीच गोल पत्थरनुमा आकृति दिखी।

बाहर विराजमान नंदी और अंदर मिले कुंड (जिसके बीचो-बीच एक पक्ष द्वारा शिवलिंग स्थापित बताया गया) के बीच की दूरी 83 फीट 3 इंच है।

कुंड के बीचो-बीच स्थित पत्थर की गोलाकार आकृति (जिसे एक पक्ष द्वारा शिवलिंग कहा गया) में सींक डालने पर 63 सेमी गहराई मिली। पत्थर की गोलाकार आकृति के बेस का व्यास 4 फीट था।

#### लोकसभा में सिनेमैटोग्राफ विधेयक पारित, देश में पाइरेसी पर लगाम लगेगी

## संसद में मणिपुर के मुद्दे पर व्यवधान जारी

**नई दिल्ली। संसद में** सोमवार को भी मणिपुर के मुद्दे पर व्यवधान रहा और दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित होती रही। इस दौरान लोकसभा में सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2023 चर्चा के बाद पारित किया गया। लोकसभा में कार्यवाही सुबह 11 बजे प्रश्नकाल से प्रारंभ हुई। थोड़े समय के बाद कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बजे कार्यवाही के प्रारंभ होने पर संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022 सदन में



राज्यसभा संशोधनों पर विचार के लिए लिया गया।

इसके बाद सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2023 सदन में चर्चा और पारित करने के लिए लाया गया। चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इससे देश में पाइरेसी पर लगाम लगेगी। इसके बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

दूसरी ओर राज्यसभा की कार्यवाही सुबह शुरू होने पर नेता सदन पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष मणिपुर पर चर्चा से भाग रहा है।

## हरियाणा: बृज मंडल यात्रा पर मेवात में पथराव

### 40 गाड़ियां फूंकी; नूंह जिले की सीमाएं सील, इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू, विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता लेकर गये थे यात्रा, घटना के बाद माहौल बना है तनावपूर्ण

**गुरुग्राम। गुरुग्राम** से चलकर मेवात के नल्हड़ स्थित भगवान शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए जा रही बृज मंडल यात्रा पर सोमवार को मेवात में जमकर पथराव किया गया। पथराव से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। हमलावरों ने गाड़ियों में आगजनी का भी प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति पर नियंत्रण कर लिया, लेकिन क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 10 बजे गुरुग्राम के सिविल लाइन टैंक पार्क के पास से बृज मंडल यात्रा मेवात के नल्हड़ स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए रवाना हुई थी। इस यात्रा को भाजपा की जिलाध्यक्ष गार्गी



कक्कड़ ने रवाना किया था। भगवान शिव, भगवान राम के जयकारे लगाते हुए कार्यकर्ता इस यात्रा को लेकर गुरुग्राम से सोहना के रास्ते मेवात में पहुंच थे। हर साल की तरह यह यात्रा धूमधाम से निकाली जा रही थी। कार्यकर्ता अपनी गाड़ियों पर भगवा झंडे लगाए थे। इस यात्रा में विश्व हिंदू परिष्द और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी शामिल थे। गुरुग्राम विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री यशवंत शेखावत के अनुसार यात्रा जैसे ही शिव मंदिर नल्हड़ पहुंची, इसी दौरान शरारती तत्वों ने यात्रा पर पथराव कर दिया। बताया कि कई गाडियों में आगजनी और तोडफोड़ की गई। इस घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति पर नियंत्रण पाया। इस घटना के बाद स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है कि आखिर इस घटना की शुरूआत किस तरह से हुई। किस पक्ष की तरफ से ऐसी बात चली कि पथराव जैसी स्थिति बन गई।

## मणिपुर मामला: पूर्व महिला जजों की 'सुप्रीम कमेटी' बनाने के संकेत



**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट ने संकेत दिया है कि वो मणिपुर में महिलाओं के साथ यौन हिंसा की जांच के लिए पूर्व महिला जजों की कमेटी बनाएगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र और राज्य सरकार से एफआईआर, जांच और पुनर्वास के लिए उठाए गए कदम आदि का विवरण देने को कहा। सुप्रीम कोर्ट कल 2 बजे मामले की सुनवाई फिर करेगा। दरअसल, मणिपुर में जिन दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया था, उन दोनों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दोनों महिलाओं ने वकील जावेदुर रहमान के जरिये दायर याचिका में कहा है कि इस घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने 20 जुलाई को स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र सरकार ने कहा है कि राज्य सरकार की सहमति लेकर जांच सीबीआई को ट्रांसफर की जा रही है। केंद्र सरकार ने कहा है कि मुकदमे का तेज निपटारा जरूरी है। केंद्र सरकार ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट इस केस को राज्य से बाहर ट्रांसफर करने का आदेश दे और ट्रायल कोर्ट से कहे कि वह चार्जशीट के 6 महीने के भीतर फैसला दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने वाला वीडियो परेशान करने वाला है। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में महिलाओं को सामान की तरह इस्तेमाल किया गया।

## मणिपुर मुद्दे पर सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहा विपक्ष: निर्मला

**नई दिल्लीः केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा नहीं लेना चाहता। आज जब यह मुद्दा संसद में उठाया गया तो विपक्ष चर्चा से भागता नजर आया। विपक्ष के व्यवहार से दुखी हूं। उन्होंने कहा कि मणिपुर जैसे संवेदनशील मसला विपक्ष के लिए सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा है। आज यह साबित हो गया कि वे मणिपुर मुद्दे पर सिर्फ मगरमच्छ के आंसू बहा



रहे थे। अगर उन्हें वास्तव में परवाह होती, तो वे इस पर चर्चा करते। उन्होंने कहा कि आज आपने राज्यसभा में देखा कि सुबह सूची में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा होनी तय थी।

## केंद्रीय उच्च शैक्षिक संस्थानों में 10 महीने में भरी गईं 13,287 रिक्तियां : शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली। केन्द्रीय** शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को संसद को बताया कि मिशन भर्ती अभियान के तहत केवल 10 महीने की अवधि में

केंद्रीय उच्च शैक्षिक संस्थानों (सीएचईआई) में कुल 13,287 रिक्तियां भरी गई हैं। शिक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री डॉ सुभाष सरकार ने लोकसभा में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रिक्त पदों के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

## दिल्ली अध्यादेश पर कांग्रेस में ही रार

### बिल का विरोध करना गलत, लोकसभा में बीजेपी के पास बहुमत है, ये बिल सदन में पास होना चाहिए: संदीप दीक्षित

**नई दिल्लीः राजधानी** दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़ा संशोधित विधेयक लोकसभा में पेश नहीं किया गया। यह जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दी है। देश के विभिन्न विपक्षी दलों से अरविंद केजरीवाल ने इस बिल के खिलाफ समर्थन देने की मांग की। कांग्रेस ने केजरीवाल का समर्थन देने का दावा किया है, वहीं दिल्ली के दिग्गज कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने पार्टी से अलग अपना पक्ष रखा है।

'इस बिल का विरोध गलत': दिल्ली अध्यादेश बिल पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित का कहना है, "लोकसभा में बीजेपी के पास बहुमत है, ये बिल सदन में पास होना चाहिए।

ये बिल दिल्ली की स्थिति के मुताबिक है। अगर आप दिल्ली को शक्तियां देना चाहते हैं तो, ये पूर्ण राज्य बनाया जाना चाहिए। मेरी राय में इस बिल का विरोध करना गलत है।"

अध्यादेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है आपः केंद्र के इस अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई है और इसके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुकी है।

## चुवाड़ी-चम्बा सुरंग की संभावनाएं तलाशने के लिए सर्वेक्षण करवायेगी प्रदेश सरकार : सीएम सुक्खू

**शिमला। मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू रविवार रात्रि चम्बा जिले में अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के समापन समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार चुवाड़ी-चम्बा सुरंग की संभावनाएं तलाशने के लिए सर्वेक्षण करवायेगी तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को आवाजाही में काफी सुविधा होगी तथा उनके समय एवं धन की भी बचत होगी। उन्होंने उपस्थित जनों को मिंजर मेले की शुभकामनाएं दीं तथा प्रदेशवासियों के सुखद भविष्य की कामना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार चम्बा जिले के विकास के लिए अनेक प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय चम्बा के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए वर्तमान सरकार द्वारा अभी तक 160 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

### लड़की से बात करने पर हुआ था झगड़ा, क्लासमेट ने पेट-गले पर चाकू मारा

## कानपुर: क्लास के अंदर 10वीं के स्टूडेंट की हत्या

**कानपुरः कानपुर** के न्यू आजाद नगर स्थित प्रयाग विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को 10वीं के स्टूडेंट की उसके साथी ने क्लास के अंदर ही चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच शनिवार को लड़की से बातचीत को लेकर झगड़ा हुआ था। मृतक नीलेंद्र तिवारी की उम्र 15 साल और आरोपी की उम्र 13 साल है। शनिवार को दोस्तों ने उनका झगड़ा शांत करा दिया था, लेकिन सोमवार को क्लास में उनके बीच फिर टकराव हो गया।




नीलेंद्र की आरोपी से अच्छी दोस्ती थीः छात्रों ने बताया कि आरोपी और नीलेंद्र की अच्छी दोस्ती थी। हाल ही में साथ में पढ़ने वाली एक लड़की से नीलेंद्र की बातचीत होने लगी। आरोपी को यह पसंद नहीं आया। आरोपी इसी बात से नीलेंद्र से नाराज था। आरोपी सोमवार को बैग में चाकू रखकर लाया था। उसने नीलेंद्र के पेट और गले पर कई वार कर दिए। इससे क्लास में चीख-पुकार मच गई। स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा, तो नीलेंद्र तिवारी खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। आनन-फानन में पहले उसे बिधनू के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हैलट अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नीलेंद्र ने दी थी जान से मारने की धमकीः पुलिस ने स्कूल में पहुंचकर आरोपी छात्र से पूछताछ शुरू की है। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें छात्र को तख्त के पाए से बांधा गया है।

### छह साल में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठे, जातिवाद, परिवारवाद के शिकंजे में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए थे सपा के नारे

## पूर्व की सरकारों की कुनीति व कुशासन से गरीब और बीमारू था यूपी : सीएम

**गोरखपुरः उत्तर प्र**देश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसाधनों से अमीर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश पूर्व की गैर भाजपा सरकारों की कुनीति व कुशासन से गरीब और बीमारू राज्य बना था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सुनीति और सुशासन से उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज दुनिया मानती है कि यूपी गरीब व बीमारू राज्य नहीं बल्कि वह प्रदेश है, जहां छह साल में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठे हैं। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आयोजित पीएम आवास योजना के लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों को सवालों के घेरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा



कि लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारों ने जनता को जनहित और विकास की योजनाओं के लाभ से वंचित रखा। कांग्रेस नारा देकर भी गरीबी नहीं हटा पाई। सपा के नारे जातिवाद, परिवारवाद के शिकंजे में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए। बसपा के हाथी के पेट में पूरा प्रदेश ही समा जा रहा था। इन सबका परिणाम यह रहा कि यूपी पिछड़ता चला गया। यदि जनता गरीब रहेगी तो प्रदेश

### बाल बांका नहीं कर सकती बीमारी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 नवंबर तक का समय इंसेफेलाइटिस की दहशत के नाम रहता था। 40 वर्षों में 50 हजार बच्चों की मौत हो गई थी। डबल इंजन की सरकार ने इंसेफेलाइटिस का समूल कर दिया है। इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित है, बस उन्मूलन की घोषणा ही बाकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सुदृढ़ीकरण और एम्स की स्थापना हो जाने से सर्दी हो या गर्मी, बरसात हो या बसंत, कोई भी बीमारी बच्चों का बाल बांका नहीं कर सकती।

कोई पैसा मांगे तो सीधे मुझे दें सूचनाः योगी ने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि हर व्यक्ति के पास अपना घर हो।

## पूरे देश में आईएनडीआईए की मजबूती देख घबरायी है भाजपा : शिवपाल

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि पूरे देश में इंडियन नेशनल डिवेल्पमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (आई.एन.डी.आई.ए.) काफी मजबूत है, जिससे भाजपा घबराई हुई है। वहीं उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत कर वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा की सरकार को उत्तर प्रदेश से हराना है। वह लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर संगठन की मजबूती व पार्टी को एकजुट करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को आजमगढ़ जनपद पहुंचे हैं। नगर के नेहरूहाल सभागार में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव का पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने फूल माला से स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं से शिवपाल यादव ने अपील किया कि सभी समाजवादी लोग एक झंडे के तले मजबूती के साथ खड़े होकर वर्ष 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि वह पूर्वांचल के दौरे पर हैं। आजमगढ़ में दो दिनों तक वह संगठन को मजबूत करने, सभी समाजवादियों को एकजुट करने के लिए आए हैं। सभी को एकजुट कर वर्ष 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से भाजपा सरकार को हराएगी। आजमगढ़ से चुनाव लड़ने के सवाल पर शिवपाल यादव ने एक बार फिर दोहराया कि जो पार्टी का निर्देश व आदेश होगा वही वह करेंगे।

## खबर संक्षेप

### समाज को आईना दिखाने का काम किए कवि मुंशी प्रेमचंद

**सहसों।** आदर्श शिक्षा सेवा समिति के तत्वावधान में सेंट जॉर्ज स्कूल रामनगर में एक संगोष्ठी आयोजित कर गांव, गरीब, किसान और जनसाधारण के जीवन की अपनी लेखनी से जीवंत करने वाले महान कथाकार, उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती उनको याद करते हुए मनाई गई। इस अवसर पर महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के प्रबंधक शिवा कांत पांडे ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द सदैव समाज के निचले तबके के लोगों के मुद्दों को अपनी लेखनी द्वारा लिपि बद्ध करके समाज को आइना दिखाते थे। उनकी हर रचना बहुमूल्य है। जो अपने समय की सच्चाई बयां करती है। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में कुरीतियों के साथ घटने वाली हर सच्ची घटना को लिपिबद्ध कर समाज सुधार का कार्य किया। ऐसे देश की महान विभूतियों से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर मनोज त्रिपाठी, राम चन्द्र पांडेय, शुभम पांडे, नितिन त्रिपाठी, आर्यन पांडे, सत्यम पांडे, गौरव पांडे सहित विद्यालय शिक्षकों निशा शर्मा, जय शंकर शुक्ल, अनूप गुप्ता, प्रिया शुक्ला, विधि पांडे सहित आदि उपस्थित रहे।

# आजाद पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाया गया अमर शहीद ऊधम सिंह जी का 84वां शहीदी दिवस

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उ०प्र० डा० दयाशंकर मिश्र ह्यदयालूह्ल जी ने सोमवार को अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में सर्वप्रथम अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा को नमन किया। इसके उपरांत शहीद ऊधम सिंह के 84वीं शहीदी दिवस के अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त की। तत्पश्चात उ०प्र० सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने 21 गन शॉट फायर कर सम्मान गारद द्वारा सलामी व पुलिस बैण्ड ने राष्ट्र भक्ति ध्वनि बजाकर उ०प्र० शासन की ओर से सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी लल्लू मरकरी के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। कार्यक्रम में जनपद के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन नृत्य व लघु नाटिका का मंचन कर अमर शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट किया, जिसमें जगत तारन गर्ल्स सेंट अंथोनी, जी०आई०सी०, एनी बेसेंट स्कूल व पूर्व माध्यमिक राजापुर व साउथ मलाका के बच्चों के कार्यक्रम को सराहा गया।इस अवसर पर मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहीद उधम सिंह का जनरल डायर से इंग्लैण्ड लंदन जाकर बदला लेना उन्हें कान्तिकारियों में एक विशेष स्थान देता है। उन्होंने कहा कि जब कान्तिकारियों का अपने देश में गतिविधि चलाना कठिन था, तब उधम सिंह ने इंग्लैण्ड जाकर जलियावाला बाग के दोषी को गोली से उड़ा दिया। यह वास्तव में साहस का काम था ऐसे वीर के शहादत पर्व पर उन्हें शत-शत नमन प्रणाम व वंदन कर श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूँ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजू जायसवाल मरकरी ने शहीद उद्यम सिंह को महान क्रान्तिकारी बताया तथा उनके जीवन के अनेक प्रसंग सुनाये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अपर नगर मजिस्टेट तृतीय सुदामा वर्मा, प्रो० हेमलता प्राचार्य होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, प्रो० अनवार अहमद, प्राचार्य यूनानी मेडिकल कालेज, डा० शारदा प्रसाद सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी में ही दलितों एव पिछड़ों का सम्मान निहित : फूल चन्द्र आदिवासी



**मेजा।** बीजेपी शासन में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है मंहगाई चरम सीमा पर है युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। ऐसे में सपा ही विकल्प है सपा ही प्रदेश की एक ऐसी पार्टी है जिसमे दलितो एव पिछड़ों का सम्मान निहित है। उक्त उदगार मेजा विधान सभा के वरिष्ठ नेता एव समाज सेवी फूल चन्द्र आदिवासी एक औपचारिक वार्ता के दौरान व्यक्त किये उल्लेखनीय है कि सन 1972 मे मेजा के दरी गांव में जन्मे फूल चन्द्र आदिवासी होश संभालने के पश्चात सन 1993 से सामाजवादी पार्टी के लिए समर्पित है। फूल चन्द्र आदिवासी जमीनी नेता हैं । मेजा विधान सभा से सामाजवादी पार्टी के टिकट पर लोक सभा व विधान सभा का चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों को जीतने में इनकी अहम भूमिका रही है। जिसके कारण सपा मुखिया एव पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव के करीबी माने जाते हैं।सामाजवादी पार्टी में इनकी बढ़ती ख्यात को देखते हुए अब तक कई पार्टियों के नेताओ द्वारा अपनी पार्टी में शामिल करने व चुनाव लडने का आफर दिया जा चुका है लेकिन फूल चन्द्र आदिवासी ने यह कहते हुए कहा कि ऐसी प्रार्टियो मे शामिल होने से इंकार कर दिया और कहा हम दलबदलू नही है। उन्होंने कहा कि मै सामाजवादी पार्टी का पक्का सिपाही हूं जब तक शरीर में जान है अखिलेश यादव और चाचा शिव पाल की अगुआई में पार्टी की रहनुमाई करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि 30वर्षो से लगातार पार्टी की सेवा पूरी तनमयता के साथ कर रहा हूं और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के आदेशानुसार प्रत्येक गांवो एव कस्बों में बाई साईकिल जा कर घर घर सामाजवादी पार्टी के एजेंडे से मतदाताओं को जागरूक कर रहा हूं उन्होंने बताया कि आगामी 10 अगस्त को प्राइमरी पाठशाला दरी में स्वय के स्तर से एक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे उक्त विद्यालय मे शिक्षा रथ छात्र छात्राओं को लंच पैकेट वितरण करने के पश्चात प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षको को सम्मानित भी किया जायेगा। श्री आदिवासी ने इस मौके पर क्षेत्र के सभी सम्मानित सपा कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है।

## आई फ्लू के मरीज बढ़ने से बढ़ी चश्मे की बिक्री

### मांडा प्रयागराज क्षेत्र में आँखों की बचाव के लिए हर उम्र के लोग लगा रहे चश्मा

**मांडा।** बारिश ना होने व मौसम में बदलाव के कारण मांडा, भारतगंज, मांडा रोड, नहवाई चिलबिला, खवासतारा, सुरवादलापुर, हाटा आदि विभिन्न क्षेत्रों में आई फ्लू के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बच्चों से लेकर हर उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। मांडा सीएचसी हो या प्राइवेट अस्पताल यहां पहुंचने वाले अधिकतर मरीज आंखों की बीमारी से ग्रसित हैं। आई फ्लू बढ़ने से एक ओर जहां आई ड्रॉप की खपत बढ़ी है। वही दूसरी ओर चश्मा की बिक्री में भी काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। हर उम्र के लोग आंखों के बचाव के लिए तरजीह दे रहे हैं, जिससे चश्मा बेचने वालों का कारोबार भी बढ़ गया है। मरीजों का कहना है कि जिस तरीके से मेडिकल संचालक आई ड्राप में मरीजों से मनमानी पैसे वसूल ही रहे और मरीजों को चस्मा लगाने की सलाह भी दे रहे हैं।

# सरिता सिंह ने मेजा बीडीओ का कार्यभार संभाला

## ब्लाक परिसर व चांद खमरिया स्मृति वाटिका का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** विकास खंड मेजा के नवागत खंड विकास अधिकारी के रूप में सरिता सिंह ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।मेजा ब्लाक कार्यालय पर अपना कार्यभार ग्रहण करते ही नवागत खंड विकास अधिकारी एक्टिव मोड में नजर आईं। पहले दिन ही ब्लाक के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक कर मनरेगा समेत शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओ को पूरा करने का निर्देश जारी किया। बैठक के उपरांत सरिता सिंह द्वारा पूरे ब्लाक परिसर का निरीक्षण किया गया और परिसर में साफ सफाई न होने पर सम्बन्धित विभाग के जिम्मेदारों को निर्देश दिये।तत्पश्चात चांद खमरिया ग्राम पंचायत में बने स्मृति वाटिका का निरीक्षण किया।कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी कि विकास खंड क्षेत्र के समस्त गाँव में बिना किसी भेद भाव के विकास कार्य हो एंव समस्त कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हों। इसके लिये जल्द से जल्द ग्राम प्रधानो संग एक बैठक की जाएगी तथा विकास कार्यो में आ रही बाधाओं का मिल जुल कर निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। आगे कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के लिये सभी ब्लाक के कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करें अन्यथा विभागीय कार्यवाही के लिये तैयार रहें।नवागत बीडीओ द्वारा ब्लाक परिसर में स्थित ब्लाक सभागार, शौचालय समेत आवासीय भवन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहित समस्त ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

## धान के कटोरे में सूखे का संकट....

# का वर्षा जब कृषि सुखानी... अन्नदाता पर प्रकृति की दोहरी मार



शमीम शेख

**पसना।** कोरांव तहसील का पूरा इलाका यूं तो सभी फसलों के उत्पादन में अग्रणी है,लेकिन इसकी मुख्य पहचान खुशबू वाले महीन चावल उत्पादन के लिए दूर दूर तक विख्यात है।लेकिन यहां का अन्नदाता किसान पिछले गेंहू की फसल की कटाई के समय अतिवृष्टि एवम् ओलावृष्टि की दोहरी मार से उबर भी नहीं पाया था कि अब धान की रोपाई भी अवर्षण (सूखा)की चपेट में आ गई है। ज्ञातव्य हो कि पूरे कोरांव तहसील में किसान येन केन प्रकारेन धान की नर्सरी तो डाल लिए, परन्तु उसकी रोपाई के लिए खेतो में पानी नहीं है। जुलाई माह खत्म होकर अगस्त माह शुरू होने वाला है लेकिन तेज धूप और गर्मी से खेतों में सूखा पड़ा है। निजी बोरिंग व नहर के सहारे कुछ किसानों ने थोड़ी बहुत रोपाई तो कर ली है लेकिन बारिश के अभाव में वह भी सूखने के कगार पर है।पूरे क्षेत्र में अभी 25 प्रतिशत भी धान की रोपाई नहीं हो पाई है।राजनैतिक जागरूकता एवं जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण पूरे तहसील क्षेत्र में कहीं भी आज तक राजकीय नलकूप स्थापित नहीं हो पाए हैं। वर्षा के अतिरिक्त इस क्षेत्र में सिंचाई का एकमात्र साधन बेलन नहर ही है। वह भी मेजा बांध (ददरी) में पानी की उपलब्धता व पड़ोसी मिजार्पुर जिले के अधिकारियों की कृपादृष्टि पर निर्भर है। कोरांव तहसील में मुख्य रूप से गंगा कावेरी, सोनम व विष्णुभोग प्रजाति का धान रोपा जाता है। कुछ वर्षों पहले तक बासमती धान का उत्पादन भी अत्यधिक होता था लेकिन फसल का उचित मूल्य न मिलने से गिने चुने किसान ही इसकी खेती करते हैं। खुशबूदार चावल सोनाचूर, दुबराज, मंसूरी आदि वेरायटी की खेती भी धीरे धीरे कम होती जा रही है।



भोला सिंह मुन्ना प्रांत मंत्री भारतीय किसान संघ काशी प्रांत

कोरांव तहसील में सूखे के कारण धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। वर्षा के कारण नहरों में भी पानी न होने से धान की रोपाई बाधित है। भारतीय किसान संघ के बैनर तले कल उपजिलाधिकारी कोरांव को ज्ञापन के माध्यम से जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की सरकार से मांग की जाएगी, जिससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को मिल सके।



राजेश पांडेय किसान नेता एवं सपा जिला उपाध्यक्ष

वर्षा के अभाव में धान की नर्सरी सूख रही है, नहरों में पानी न आने से रोपाई नहीं हो पा रही है, प्रशासन पंगु बना है, किसान कौंदी गांव में धरनारतहै। कोई जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है।नहरों में पानी छोड़े जाने को लेकर किसान बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से भेजा अस्पताल

मेजा । मेजा के जगेपुर गांव में ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस व एंबुलेंस से उसे तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मेजा थाना क्षेत्र के डेलौंहा गांव निवासी अजीत विश्वकर्मा (25)पुत्र फूलचंद्र विश्वकर्मा बाइक से किसी काम से घर से रिश्तेदारी के लिए मिजार्पुर के जिगना गांव जा रहा था कि जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के जगेपुर (मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग) पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रही आटो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे अजीत के सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल भिजवाया गया। सूचना पर परिवार के लोग भी घटना स्थल पर पहुंचे। आटो चालक टक्कर मारने के बाद भागने में सफल रहा।



## बैंक ऑफ बड़ौदा के सेवानिवृत्त कर्मचारी का केक काटकर की गई विदाई

**मेजा।** मेजा रोड चौराहे पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा मेजा रोड के कर्मचारी राकेश वर्मा की सोमवार को सेवानिवृत्त होने पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सभी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई की जहां कर्मचारियों द्वारा बैंक के अंदर ही सजावट कर केक काटकर राकेश वर्मा को सेवानिवृत्त होने पर मुंह मीठा कराया गया। वही साथी कर्मचारियों द्वारा ब्रीफकेस सप्रेम भेंट किया गया। राकेश वर्मा सन 19 90से लगातार मेजा रोड में ही अपनी ड्यूटी निभाई और सन 2010 मैं भरवारी ट्रांसफर होने के पश्चात इन के कार्यों को लेकर सन 2013 में वापस फिर से मेजा रोड बैंक ऑफ बड़ौदा में निरंतर सेवा करते चले आए हैं। जहां इनके सराहनीय कार्यों को लेकर बैंक के सभी कर्मचारियों इनके कार्यों को सराहा और सेवानिवृत्त होने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जहां बैंक ऑफ बड़ौदा मेजा रोड के उप शाखा प्रबंधक श्री नाथ सिंह, राकेश कुमार, अपूर्व, शेखर, साधु शर्मा, निशांत, अरुण कुमार, अनिल कुमार मिश्र, संकुल श्रीवास्तव, नवीन उपाध्याय आदि बैंक कर्मचारियों ने अवकाश प्राप्त होने पर बधाई दी।

# बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली दुर्घटनाओं को दे रही दावत !

अखंड भारत संदेश

## लौवाकोन गांव का मामला न खंभे ने तार घरों में लगा दिए गए मीटर



**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के लौवाकोन गांव में बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली आए दिन दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। शिकायत के बाद भी विभागीय जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली को लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञातव्य हो कि लौवाकोन गांव में सौभाग्य विद्युतीकरण योजना के तहत लोगों के घरों में कनेक्शन कर दिए गए। लेकिन विद्युतीकरण नहीं कराया गया। गांव में न तो खंभे गाड़े गए और ना ही तार खींचा गया। जिससे विवश होकर ग्रामीण बांस बल्लियों के सहारे अपने घरों में बिजली जला रहे हैं। आंधी तूफान और बारिश में बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इस बाबत ग्रामीण कई बार शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन विभागीय जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि हर महीने लोगों के बिल आ रहे हैं, और लोग जमा भी कर रहे हैं। लेकिन विभाग के द्वारा विद्युत अव्यवस्था को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ग्रामीणों ने गांव में खंभे व तार खिंचवाने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### अराजक तत्वों ने तालाब में डाला जहरीला पदार्थ मरी हुई उतराईं मछलियां



**मऊआइमा।** मऊआइमा के तेजपुर गांव स्थित सार्वजनिक पक्का तालाब में कतिपय अराजक तत्वों ने जहरीला पदार्थ डाल दिया। जिस में नहर से आयी हुई मछलियां मर गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के तेजपुर गांव में सार्वजनिक पक्के तालाब में अराजक तत्वों ने जहरीला पदार्थ डाल दिया। बताया गया कि नहर पक्का तालाब से की जुडी हुई है। बताते हैं कि नहर से आयी तालाब में मछलियों को पकडने के लिए किसी शरारती तत्वों ने जहरीला पदार्थ डाल कर मछलियों को पकड रहें हैं। बताते हैं कि कुछ मछलियां पानी के ऊपर आ गई और तड़पकर मरने लगीं। पानी में जहर डालने से पीने वाले जानवरों की भी मौत हो सकती थी। नाराज लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि गांव का कोई भी व्यक्ति तालाब में मछली नहीं पाले हुए हैं। नहर के रास्ते से मछलिया बह कर आयी होगी।

### गोपाल विद्यालय के छात्र ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

#### बस में छूटे बीएससी के छात्र का बैग नकद रुपया समेत किया वापस



**रत्योरा।** सोमवार को सुबह बस से घर जा रहे बीएससी के छात्र आकर्ष सिंह गहरवार पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पंवारीकला का बैग बस में छूट गया। बैग गोपाल विद्यालय के छात्र पीयूष पाण्डेय पुत्र विपिन पाण्डेय ग्राम मड़फाकला को मिला। बैग में लगभग 50000 रुपए का लेनोवो कम्पनी का लैपटॉप एवं 30000 रुपए नकद, शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं कपड़े थे। छात्र पीयूष पाण्डेय ने ईमानदारी का परिचय देते हुए उक्त बैग को विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली को सौंप दिया। प्रधानाचार्य द्वारा सम्बन्धित को सम्पूर्ण सामग्री सहित बैग वापस कर दिया गया। प्रधानाचार्य डॉ० मो० साबिर अली तथा डॉ० कमलेश त्रिपाठी, राकेश सिंह, डॉ० सन्तलाल मौर्य, अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी एवं राकेश मिश्र आदि अध्यापकों ने ईमानदारी का परिचय देने के लिए छात्र को एवं उसके पिता विपिन पाण्डेय एवं बड़े पिताजी शिवफल पाण्डेय (पूर्व प्रधान) को ऐसे संस्कार देने के लिए धन्यवाद दिया तथा छात्र के मंगलमय भविष्य की कामना की।

### चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में भक्तों ने किया जलाभिषेक



**जंघई।** सावन के चौथे सोमवार को चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा सभी ने पूजन अर्चन किया एवं परिवार समाज की सुख समृद्धि भलाई हेतु महादेव से प्रार्थना किया।

### विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री ने किया अभिषेक



**लालापुर।** मानकामेश्वर धाम लालापुर भटपुरा में सतयुग कालीन रैवत ऋषि द्वारा आवाहित भूतेश नामक शिवलिंग है । इस शिवलिंग का शिवपुराण में भी उल्लेख है। आज अधिकमास के द्वितीय सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद के काशी प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री नितिन जी ने उक्त धाम में विधिविधान से विधवत भगवान भूतेश का अभिषेक किया। धाम के आचार्य रामप्रभाव द्विवेदी ने दो उपाचार्यों संग अभिषेक कराया। अभिषेक के संयोजक यमुनापार के जिलाध्यक्ष चन्द्र निधान पाण्डेय सहसंयोजक उपाध्यक्ष श्री रवी तिवारी एवं सहसंयोजक श्री राहुल पाण्डेय पूरी तनमयता से लगे रहे। अभिषेक मैं संपूर्ण जिले से कई जिले के पदाधिकारी एवं प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे गुलाब मिश्रा सह मंत्री श्री नारायण जी अरुण शुक्ला जी प्रखंड अध्यक्ष नारी बारी शंकरगढ़ के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद चतुवेर्दी एवं अन्य 50से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जलाभिषेक कर भक्तों ने की शिव शंकर की वंदना



**सहसों।** पुरुषोत्तम मास के पवित्र महीने में सोमवार को क्षेत्र के शिवालय शिव भक्तों के जयकारों से गूंज उठा। श्री राम जानकी मंदिर परिसर स्थित विशाल शिवलिंग, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर गुलालपुर, टहलू का शिवालय रामनाथ पट्टी एवं प्राचीन शिव मंदिर सहसों बाजार में भोर से ही भक्त जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की स्तुति एवं वंदना की। हर हर बम बम,ओम नमः शिवाय, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है आदि का उद्घोष करते रहे। जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। इसी प्रकार लोक कल्याण हेतु सोपरावारी गांव में नागेश कुमार शुक्ला सपत्नीक ने आचार्य अशोक कुमार पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से भगवान नागेश्वरनाथ का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। इसी तरह देवनहरी में श्रीकांत तिवारी, मीरापुर में रामबाबू पुष्कर ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया तथा सायंकाल महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

### धूमधाम के साथ मनाया गया दसवां पुनर स्थापना दिवस



**करछना।** प्रयागराज प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 जुलाई को करछना शिव मंदिर तिराहे के समीप स्थित मेसर्स तिवारी क्रस्टक्सन कंपनी में दसवां पुनर स्थापना दिवस कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जंहा कार्यालय को फूल मालाओ से सजाकर श्रावण व वनमास में देवाधिदेव महादेव समेत इष्टदेव की विधि विधान पूर्वक प्रबंधक कृपा शंकर तिवारी द्वारा पूजा अर्चना किया गया।वही मौजूद कंपनी के सहयोगियों को लंच पैकेट वितरित कर मुंह मीठा कराया गया।जिस मौके पर देवी शंकर तिवारी,राकेश कुमार पांडेय,विजय कुमार यादव,शत्रुध्न प्रसाद मिश्र,नरेंद्र कुमार यादव (बड़े बाबू),राजेश कुमार यादव,श्याम बाबू तिवारी,राजा तिवारी,विजय कुमार शुक्ल,विनोद कुमार द्विवेदी एडवोकेट,आकाश,कार्तिक व रितिक समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### प्रमाण पत्र वितरण को लेकर बैठक

**नैनी।** नैनी विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र थाना नैनी की एक आवश्यक बैठक प्रमाण पत्र को लेकर जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली की आवास रेलवे क्रॉसिंग के पास पर आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह एवं उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा एवं सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल आदि।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने गृहकर बिलों पर छूट 31 अगस्त 2023 तक बढाया

**प्रयागराज।** नगर निगम कर विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के निमित जारी किये गये गृहकर बिलों के सापेक्ष भवन स्वामियों को 01 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी थी। जिसकी अवधि समाप्त होने के पूर्व विभिन्न श्रेणियों में गृहकर अवशेष होने के कारण नगर निगम के पार्षदगण द्वारा इस विषय का उल्लेख करते हुए महापौर नगर निगम प्रयागराज से छूट बढ़ाये जाने का अनुरोध किया गया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में महापौर द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देशित करते हुए 10 प्रतिशत छूट की अवधि बढाये जाने हेतु प्रस्ताव नगर आयुक्त नगर निगम के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। जिसपर समस्त औपचारिताएं पूर्ण करते हुए वर्तमान गृहकर बिलों पर छूट की अवधि 31 अगस्त 2023 तक प्रभावी की गयी है।





# श्रावण मास : चौथे सोमवार को कांवड़ियों पर की गई हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

## संगम नोज, संगम, दशाश्वमेध घाट एवं मनकामेश्वर मंदिर पर भक्तों के ऊपर बरसाए गए फूल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेले की तरह इस बार योगी सरकार ने पवित्र श्रावण मास में सोमवार को कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करवाई। यह पुष्प वर्षा आसमान से हैलिकॉप्टर के माध्यम से की गई। प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट, मनकामेश्वर मंदिर, संगम नोज पर कांवड़ियों और भक्तों पर यूपी सरकार के द्वारा पुष्प वर्षा की गई। संगम पर हेलिकॉप्टर के जरिए स्नान और पूजा-अर्चना कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा से शिव भक्तों में उत्साह और खुशी की लहर देखने को मिली। पुष्प वर्षा कार्यक्रम से पहले ही घाट पर प्रशासन के आला अधिकारी और पुलिस फोर्स भी मौजूद रहे। सभी श्रद्धालुओं का कहना है कि योगी सरकार ने शिव भक्तों को जो सम्मान दिया है वह सराहनीय कदम है। योगी सरकार में शिवभक्त कावरियों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखने के साथ उनकी आस्था का सम्मान भी निरन्तर हो रहा है। सावन के चौथे सोमवार को प्रयागराज में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पुष्पवर्षा के सम्मान से संगम और गंगा के सभी तट बोल-बम के जयघोष से गूंज उठे। श्रावण मास में कुंभ नगरी प्रयागराज में संगम और गंगा के सभी तट केसरिया रंग से रंग चुके हैं। पुराणों में वर्णित आदि शिवालय श्री ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर और संगम के घाटों से बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी गंगा जल ले जा रहे शिव भक्त कांवडियों की लंबी कतारों पर सोमवार को हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की गई। डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री का कहना है कि सरकार के निर्देश पर



प्रयागराज में शिवभक्त कावरियों पर हेलीकाप्टर से चार चरण में पुष्प वष्षा की गई। संगम और माँ गंगा के सभी तटों के अलावा जिले के उन सभी शिवालयों के मार्गों में जहां से ये शिव भक्त गुजरते हैं पुष्प बरसाए गए हैं। आसमान से गिर रही गुलाब की पंखुडियो से सभी शिव भक्तो का ध्यान इस पर गया । हैलीकाप्टर से श्रद्धालुओं पर हो रही पुष्पवर्षा से शिवभक्त भाव विभोर हो गए। क्षण भर में संगम और गंगा के सभी तटों में बोल- बम का जयघोष गूंजने लगा। संगम की त्रिवेणी का पावन जल बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी ले जा रहे शिवभत्त रामेश्वर बताते हैं कि एक दशक से अधिक वर्षों से सावन के मास में त्रिविणी का जल लेकर वह काशी जाते हैं लेकिन शिव भक्तो को इतना सम्मान किसी सरकार ने नहीं दिया जितना योगी जी ने दिया है । दारागंज के दशाश्षमेथ घाट से कांवड़ उठाकर पडिला महादेव मंदिर गंगा जल अिपत करने जा रहे भानुप्रताप कारवरियों की आस्था को मिल रहे सम्मान से भाव विभोर हैं। उनका कहना है कि यह पुष्प वर्षा नहीं बल्कि महादेव के आशीर्वाद की वर्षा है जो एक संत मुख्यमंत्री द्वारा ही कराई जा सकती है जिन-जिन मार्गों से ये शिवभक्त गुजरते हैं उन मार्गों में उनकी सुविधा के सभी इंतजाम प्रशासन की तरफ से किये गए हैं। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा के मुताबिकक शिव भक्तों के गुजरने वाले सभी म्ागों एवं घाटों पर निरंतर पेट्रोलिंग की व्यवस्था है । संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी कराई जा रही है । प्रशासन कट या सम्पर्क म्ागों पर विशेष निगरानी एवं व्यवस्था रख रहा है । कावंड मार्गों पर पड़ने वाले अंधे मोड़ों पर साइनेज लगाये गए हैं। उनके यात्रा के मार्ग पर अण्डा-मांस- मछली की दुकानें किसी भी स्थिति में खुली न हों इसे भी सुनिश्चित कराया गया है। इसके लिए संबधित पुलिस स्टेशन कर्मियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं ,यात्रा में भजन, कीर्तन और भक्ति के गीत के साथ परंपरागत नृत्य, गीत, संगीत की भी अनुमति है लेकिन प्रशासन ने यह भी अपील किया है कि यह सुनिश्वित किया जाय कि डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रहे।

# नैनी में मिलेगा ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण

## नैनी एयरोस्पेस में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी हर क्षेत्र में बढ़ते ड्रोन के इस्तेमाल को देखते हुए इसके संचालन के लिए देश के कई जगहों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नैनी के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित नैनी एयरोस्पेस में भी शीघ्र ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलने वाला है। नैनी एयरोस्पेस के प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार नागरिक उद्यान निदेशालय ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हरी झंडी दे दी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अगस्त के आसपास शुरू हो सकता है। नैनी एयरोस्पेस का रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाईजेशन ड्रोन रूल 2021 के तहत प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशालय के सिलेबस पर आधारित होगा। जिसमें 20 अभ्यर्थियों के दो या तीन बैच एक समय पर चलाए जाएंगे। एक बैच के खत्म होने पर दूसरा मैच नियमित तौर पर चलता रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान ड्रोन के नियम, उड़ान के प्राथमिक सिद्धांत, एटीसी कार्यविधि, मरम्मत और एयरो डायनेमिक्स के साथ ही सिमुलेशन ट्रेनिंग जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक खत्म करने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य ड्रोन के सुरक्षित संचालन के प्रति लोगों में रुचि पैदा करना है। 18 से 65 आयु वर्ग के लोग जो कक्षा 10 पास है। इस प्रशिक्षण के लिए योग्य माने जाएंगे।



# युवक के पैर में मारी गोली



**झूंसी।** रेलवे ग्राउंड में सोमवार की रात एक युवक को गोली मारे जाने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। आनन-फानन में 108 एंबुलेंस व पुलिस मौके पर पहुंची युवक को पुलिस बाइक से अस्पताल ले गई। घटनास्थल पर कई बीयर की बोतल भी मिली है। पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। हनुमानगंज सुदनीपुर निवासी अब्दुल रहमान उर्फ राजा पुत्र मो. अहमद की झूंसी में टाइल्स की दुकान है। सोमवार की रात वह झूंसी रेलवे ग्राउंड की बेंच पर बैठा था तभी कुछ युवकों ने उसे गोली मार दी गोली उसके पैर में लगी। अब्दुल रहमान ने मामले की सूचना पहले एंबुलेंस फिर पुलिस को दी काफी देर तक हलकान होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची पीड़ित ने बताया कि वह प्रतिदिन रेलवे ग्राउंड में दौड़ की प्रैक्टिस करने आता था आज भी वह प्रैक्टिस के बाद बेंच पर बैठा था तभी कुछ लोगों ने उस पर गोली चला दी वह गोली मारने वालों की पहचान नहीं बता पा रहा है। पीड़ित की माने तो रविवार को झलवा में भी उस पर गोली चली थी। अभी तक किसी से कोई दुश्मनी की बात सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किशोर ने लगाई फांसी, मौत

## एक्सीडेंट में घायल पिता अस्पताल में भर्ती, मां खाना लेने आई थी घर तो नहीं खुला दरवाजा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** करेली थाना अंतर्गत करेलाबाग चौराहे के समीप रहने वाले एक किशोर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। अस्पताल में भर्ती पिता के साथ मौजूद मां और बड़े भाई दोपहर में खाना लेने के लिए घर पहुंचे तो कमरे में उसे फंदे पर लटका देख अवाक रह गए। आनन-फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा गया। परिवार के लोग अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और उसका मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया है।नगर के करेली थाना अंतर्गत करेलाबाग हिंदू चौराहा के समीप रहने वाले शनि हेला का 15 जुलाई को घर के समीप एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिवार के लोगों ने उसे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जहां वह अभी भी इलाज रत है। उसके चार बेटे और एक बेटी है। शनि हेला के मोहल्ले में दो मकान है। पहले मकान में पूरा परिवार रहता है। दूसरे मकान में उसका दूसरे नंबर का बेटा संजय (17) रहता था। जो शादी विवाह में वेटर का काम करता था।

**कमरे में ग्रिल से लटका था किशोर :** संजय की मां संगीता भी दूसरे वाले मकान में ही रहती थी। शनि के अस्पताल में भर्ती होने के बाद संगीता स्वरूपरानी में रह रही थी। बड़ा भाई कुलदीप घर से अस्पताल आता जाता रहता था। सोमवार दोपहर में कुलदीप स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल से अपने दूसरे वाले मकान में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। कुलदीप पहले वाले घर में गया। वहां घरवालों को बताया। घर परिवार के लोग दूसरे वाले मकान के पास इकट्ठा हुए। किसी तरह से दरवाजा खोला गया। अंदर जब घरवाले पहुंचे तो अंदर के कमरे में दरवाजे के ऊपर ग्रिल से संजय लटका हुआ था। यह देख परिवार के लोग अवाक रह गए। उसे आनन-फानन में नीचे उतारा और अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक में उसकी मौत हो चुकी थी।

**शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा :** सूचना पर पहुंची करेली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कमरे की छानबीन की कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसका मोबाइल पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इंस्पेक्टर करेली रामाश्रय यादव ने बताया किशव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। घर वाले भी कुछ बोल नहीं रहे हैं कि खुदकुशी की वजह क्या है। पिता उसका अस्पताल में भर्ती है।




# कपड़े की दुकान में हुई चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर स्थित अनवर मार्केट में रविवार की रात चोरों ने एक कपड़े की दुकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोर दुकान के अंदर रखी नगदी और कुछ कपड़े उठा ले गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कोहना निवासी फरोग आलम अनवर मार्केट में फैशन कलेक्शन के नाम से कपड़े की दुकान खोली है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात को दुकान बंद कर घर चले गए सुबह आने पर देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर सारा सामान बिखरा था और गल्ले में रखा पैतिस हजार नगद व दो सूट गायब थे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया तो उसमें दो चोर नजर आए हैं। मामले की शिकायत पुलिस से की गई मौके पर पहुंची पुलिस ने तफ्तीश की पर अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। लोगों की माने तो अनवर मार्केट के पीछे से चार दिन के भीतर आधा दर्जन कार की बैटरी भी चोरी हो चुकी है।

# सौर ऊर्जा से संचालित होगा प्रयागराज एयरपोर्ट

## 10 करोड़ की लागत से सोलर प्लांट लगाएगी योगी सरकार, हर साल 5 करोड़ की बिजली की होगी बचत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज एयरपोर्ट सौर ऊर्ज्जा से संचालित होगा। इसपर 10 करोड़ रुपये खर्च कर सोलर प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे हर साल पांच करोड़ की बिजली की बचत होगी। महाकुंभ से पहले प्रयागराज एयरपोर्ट के कायाकल्प के साथ यह बड़ी उपलब्धि भी प्रयागराज एयरपोर्ट के खाते में दर्ज होने जा रही है। प्रदेश में विमानन सेवा के निरन्तर विकास से प्रयागराज एयरपोर्ट नयी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इस बार बिजली की लागत को कम करने और उऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों की तरफ सरकार ने रुख किया है। इसी के अंतर्गत प्रयागराज एयरपोर्ट को सौर ऊर्जा से संचालित करने के प्रोजेक्ट को योगी सरकार ने हरी झंडी दे दी है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक आरआर पांडेय के मुताबिक एयरपोर्ट को सोलर एनर्जी से संचालित के प्रोजेक्ट की संस्तुति सरकार की तरफ की गई है। एक साल के अन्दर इसका पहला चरण पूरा हो जाएगा। इसके लिए सोलर प्लांट की स्थापना की जा रही है। प्रयागराज एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश का पहला सौर ऊर्जा संचालित एयरपोर्ट बनने जा रहा है । एयरपोर्ट के निदेशक आरआर पांडेय बताते हैं कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बिल्डिंग के ऊपर और पार्किंग क्षेत्र के ऊपर इस सोलर प्लांट के सौर पैनल शेड लगाए जायेंगे। नए टर्मिनल भवन का विकास भी उसी के मुतबिक किया जाएगा। 2 मेगा वाट का यह सौर ऊज्जा संयंत्र लगभग र10 करोड़ की लागत से स्थापित होगा । इसके लिए 7 एकड़ भूमि पर 7000 सोलर पैनल लगाए जाएंगे। एयरपोर्ट के पास सड़क के



दूसरे हिस्से में 25 एकड़ से अधिक की भूमि का इस्तेमाल भी आवश्यकता पड़ने पर सोलर प्लांट के विस्तार के लिए किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी उपयोगी साबित होगा । एयरपोर्ट पर हर महीने का बिजली का बिल ?40 लाख से ?45 लाख के बीच आता है। यहां सोलर प्लांट लगने से प्रतिदिन लगभग 9000 यूनिट बिजली एयरपोर्ट को मिलेगी। इस तरह यह सोलर ऊर्जा हर साल 5 करोड़ से अधिक के बिजली के बिल की बचत करेगी। एयरपोर्ट के इस्तेमाल के बाद बची हुई बिजली को ग्रिड सिस्टम के माध्यम से संग्रहित कर बेचा जाएगा । इससे भी एयरपोर्ट प्रशासन को राजस्व की बचत होगी।

### हड़ताल पर रहेंगे इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ता मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी की मीटिंग में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया है। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के अधिकार क्षेत्र को कम करने, पुलिस के वकीलों पर दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के विरोध में यह निर्णय लिया गया है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी की मीटिंग में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया है। न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय इस कारण लिया गया है क्योंकि केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के अधिकार क्षेत्र को सरकार कम कर रही है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष के मुताबिक पुलिस प्रशासन वकीलों के साथ दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही कर रहा है जोकि गलत है। इसका वकील विरोध करेंगे। हाईकोर्ट के वकीलों के न्यायिक कार्य से बहिष्कार का निर्णय अभी केवल 1 दिन मंगलवार के लिए ही लिया है। अगर पुलिसिया रवैया न सुधरा तो अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, स्वर्ण लता सुमन, संयुक्त सचिव प्रशासन, सर्वेश कुमार दुबे, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अजय सिंह, संयुक्त सचिव प्रेस अमरेन्दु सिंह, अंजना चतुर्वेदी (संयुक्त सचिव महिला), प्रीति द्विवेदी, सरिता सिंह, अमित कुमार पांडेय, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, आशुतोष मिश्र (नगरहा), सुधीर कुमार केसरवानी, साइमा सहेर, अनिरुद्ध ओझा, अनिल कुमार मिश्र, गुलाब सिंह यादव व अनिल प्रताप सिंह (कार्यकारिणी सदस्यगण) उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त महिला उप निरीक्षक का मनाया विदाई समारोह




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली परिसर मे कोतवाल अवेंन्द्रे सिंह यादव के नेतृत्व मे धूम धाम से मनाया गया सेवानिवृत्त महिला उ.प निरीक्षक श्रीमती पार्वती राय का विदाई समारोह समस्त पुलिस स्टॉफ ने उनके सुकृत्य सेवा कार्य की जमकर तारीफ की सभी ने पुष्प भेंट देकर उन्हें विदाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अवधेश कुमार सिंह, संतोष सिंह,सुमित श्रीवास्तव, आशीष बौद्ध, आकाश सचान, कुलदीप मिश्रा सभी कोतवाली पुलिस स्टॉफ उपस्तिथ रहे।

# चौथे सोमवार को सड़क पर दिखी गहरेबाजी

## देखने के लिए उमड़ी भीड़, लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से किया गया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी नए यमुना पुल से पुराने यमुना पुल के नीचे इस बार इस रेस का आयोजन किया जा रहा है। श्रावण मास भगवान शंकर की आराधना, प्रार्थना और साधना के लिए प्रसिद्ध है। सावन के सोमवार का धार्मिक दृष्टिसे खास महत्व है लेकिन, इस महीने प्रत्येक सोमवार को यहां होने वाली गहरेबाजी' का भी अपना एक खास आकर्षण और महत्व है। चौथे सोमवार को अरैल बांध रोड पर गहरेबाजी का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रयागराज में हर साल सावन के सोमवार की शाम इक्कों और घोड़ों की टापों की टक-टक से गूजने लगती है। इक्का दौड़ की इस लोक परम्परा (गहरेबाजी) को देखने के लिए लोगों का अच्छा खासा मजमा लगता है।सावन के महीने में प्रयागराज की सड़कों पर इक्कों की रेस की अनोखी परम्परा है। जो अन्यत्र कहीं शायद ही देखने को मिलती हो। इक्के और घोड़ों की दौड़ की इस अनोखी परम्परा को गहरेबाजी कहा जाता है। जो शहर की सबसे अलग और सबसे पुरानी परम्परा है। शहर के नैनी नए यमुना पुल से पुराने यमुना पुल के नीचे इस बार इस रेस का आयोजन किया जा रहा है। इक्कों की रफ्तार दिखी और घोड़ों की नजाकत भरी चाल भी इसमें देखने को मिली। जानकारो का कहना है कि श्रावण मास भगवान शंकर की पूजा और आराधना का महीना है। इसमें शिव के प्रतीक शक्ति की पूजा की जाती है। घोड़े भी शक्ति का प्रतीक हैं, जिनका एक लोक स्वरूप है। सावन के महीने में आयोजित की जाने वाली गहरेबाजी की लोक परम्परा को देखने वालों का मजमा लगता है। कटरा निवासी बदरे आलम बताते हैं कि सिंधी नस्ल के घोड़े सर्वोत्तम होते हैं। यह राजस्थान के बालोतरा जिले से लाए जाते हैं। इस नस्ल के घोड़े मूलरुप से सिंध प्रांत में मिलते रहे हैं। जो अब पाकिस्तान में है। उन्होंने बताया कि बालोतरा में रेत अधिक होती है। घोड़े रेत पर चलते हैं तो कदम-कदम गिनकर चलते है। यानि वह सरपट भाग नहीं पाते। वहीं, घोड़े जब गहरेबाजी के लिए प्रशिक्षित किए जाते हैं तो कदमबाजी के लिए उन्हें ज्यादा सिखाना नहीं पड़ता। साथ ही ये भी कहते हैं कि संगम नगरी में गहरेबाजी तीर्थपुरोहितों का पुराना शौक रहा है। गहरेबाजी आज के दौर में काफी मुश्किल शौक हो गया है। क्योंकि, आज के समय घोड़ों का रख-रखाव करने वाले लोग ही नहीं मिलते। बावजूद इसके पुश्तों के इस शौक से गहरेबाज अपने को अलग नहीं कर पाए हैं। इसके शौकीनों का शौक लोगों के सिर चढ़कर आज भी बोलता है।



### प्रसाद के बहाने सास ने बहू को खिलाया नशीला पदार्थ

**नैनी।** कोतवाली के आनंद नगर मोहल्ले में रहने वाली विवाहिता ने अपनी सास पर नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश करने और मारपीट कर कमरे में बंधक बनाने का आरोप लगाया है। सात महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। आनंद नगर मोहल्ले की रहने वाली आकांक्षा पांडेय की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक 30 जनवरी 2023 को उसकी शादी नैनी निवासी अभय कुमार तिवारी पुत्र चंद्रकेश तिवारी के साथ धूमधाम से हुई थी। उसके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक ससुरालियों को दान दहेज दिया था। आकांक्षा पांडेय का आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति दहेज में बुलेट मोटरसाइवकिल की मांग कर रहा था। उसके मायके वालों ने असमर्थता जताई तो पति ने आकांक्षा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे मारा पीटा जाता था। आकांक्षा ने आरोप लगाया कि उसकी सास अनीता तिवारी प्रसाद के नाम पर उसे नशीला पदार्थ खिलाती पिलाती थी और जब वह बेहोश हो जाती थी तो उसको एक कमरे में बंद कर दिया जाता था। सिविल लाइन महिला थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दोनों पक्षों को सुलह समझौते के लिए थाने पर बुलाया गया था, लेकिन दोनों पक्ष सुलह समझौते को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद आकांक्षा की शिकायत पर पति अभय कुमार तिवारी, ससुर चंद्रकेश तिवारी और सास संगीता तिवारी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# जनपद न्यायालय के पेशकार प्रवीण कुमार श्रीवास्तव हुए सेवानिवृत्त, न्यायाधीश संतोष राय ने पहनाया माला

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जनपद न्यायालय, प्रयागराज के पेशकार प्रवीण कुमार श्रीवास्तव (इन्द्रू भैया) सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के आगामी प्रत्याशी अभिषेक सिंह ने की जिसमें माननीय जनपद न्यायाधीश संतोष राय ने प्रवीण कुमार श्रीवास्तव जी को माल्यार्पण कर शाल ओढ़ा कर बहुत ही स्नेह पूर्वक बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर विदा किये इसी क्रम में माननीय विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट अनिरुद्ध तिवारी , एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम प्रताप सिंह राणा व विशेष न्यायाधीश ( एम. पी./एम.एल.ए. ) दिनेश चंद्र शुक्ल ने भी माल्यार्पण कर आशीर्वाद दिए। कर्मचारियों के चहेते रहे श्री प्रवीण श्रीवास्तव जी निहायत कर्मठ, ईमानदार, कार्य के प्रति वफादार एवं किसी के भी सुख दुख में यह अपनेपन के साथ बढ़ चढ़ कर मदद करना इनकी आदत में शुमार है। आज सभी कर्मचारियों ने दुखी मन से अपने साथी को इस आशा के साथ विदा किये कि अब आप जीवन की दूसरी पारी खेलें और सभी कर्मचारियों ने प्रवीण कुमार श्रीवास्तव जी को एक एक कर माल्यार्पण कियें। कार्यक्रम के दौरान अवनीश श्रीवास्तव मनोज शर्मा, नरेन्द्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव (चीफ रीडर) जिला जज, प्रदीप श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव एवं प्रवीण कुमार श्रीवास्तव जी का समस्त परिवार सम्मिलित हुए।

# लोडर वाहन की टक्कर से स्कूली वाहन में सवार छात्रा की मौत

## चालक समेत आधा दर्जन बच्चे हुए चुटहिल, तीन घंटे तक लगा जाम, गंभीर हालत में स्कूली वाहन के चालक व दो बच्चे हुए रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तेज गति से आ रहे लोडर वाहन ने स्कूली वाहन को चपेट मे ले लिया। दुर्घटना में स्कूली मैजिक पर सवार आठ बच्चे व चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दुर्घटना मे आठ वर्ष की मानसी सरोज की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना को लेकर जिले मे अफरातफरी मच गयी। वही पीएचसी में डाक्टरों की गैरहाजिरी को लेकर इलाज में असुविधा देख लोग आक्रोशित हो उठे। आननफानन मे जिले के अपर पुलिस अधीक्षक तथा लालगंज मे तैनात सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी समेत एसडीएम व तहसीलदार भी भारी फोर्स के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। लालगंज ट्रामा सेण्टर मे सीएमओ भी खुद पहुंचे



छात्रा की मौत पर जाम लगाये लोगों को समझाती पुलिस।

और अपनी देखरेख मे घायल बच्चों के समुचित इलाज का प्रबन्ध कराया।

लालगंज तहसील के लीलापुर थाना अर्न्तगत लक्ष्मणपुर के समीप सोमवार की सुबह सवा सात बजे बाबूगंज स्थित साधरी शिरोमणि गुप आफ एजुकेशन स्कूल के लिए मैजिक पतुलकी से बच्चों को लेकर निकली। लक्ष्मणपुर बाजार के समीप महर्षि विद्यालय मोड़ के पास सामने से आ रही लोडर ने स्कूली मैजिक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर होते ही स्कूली वाहन मे सवार बच्चों की चीख मच गयी। बच्चों की चीखपुकार सुन आसपास के ग्रामीण तथा बाजार के लोग भागकर मौके पर पहुंचे। लोगों ने किसी तरह घायल बच्चों को मैजिक वाहन से बाहर निकलवाया। ग्रामीण आननफानन मे घायल बच्चों को लेकर लक्ष्मणपुर पीएचसी पहुंचे। यहां डाक्टर समेत पैरामेडिकल स्टाफ नदारद मिला।

पीएचसी का हाल देख ग्रामीण भड़क गये। नाराज ग्रामीणों ने लक्ष्मणपुर ब्लाक के सामने डेरवा सगरा सुन्दरपुर रोड पर जाम लगा दिया। इधर एम्बुलेंस से घायल बच्चों को लालगंज ट्रामा लाया गया। यहां चिकित्सकों ने पतुलकी निवासी उमेश सरोज की पुत्री मानसी 08 को मृत घोषित कर दिया। मानसी कक्षा एक की छात्रा थी। वही चिकित्सकों ने मानसी के घायल भाई कार्तिक 06 तथा इसी गांव के धर्मेन्द्र प्रजापति के पुत्र यश 07, तथा स्कूली वाहन चालक असगर अली का पुत्र शरीफ 50 को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना में रवि सरोज की पुत्री नैंना 08, सुरेन्द्र प्रजापति के पुत्र आयुष 07, धीरेन्द्र प्रताप सिंह के पुत्र वैभव 06, तथा सुखदेव प्रजापति की पुत्री संजना 09 एवं चन्द्रेश सिंह की पुत्री अर्पिता 14 को भी चोटें आयी है। इन बच्चों का भी ट्रामा सेण्टर मे इलाज जारी बताया गया है। बच्चों के घायल होने की जानकारी होते ही सीएमओ डा. जी0एम0 शुक्ला भी ट्रामा सेण्टर पहुंच गये। चिकित्सकों द्वारा घायल बच्चों के इलाज को लेकर कुछ दवाएं बाहर से लिखी देख सीएमओ का पारा चढ़ आया। सीएमओ ने सभी दवाएं ट्रामा सेण्टर में अस्पताल प्रशासन को मुहैया कराए जाने के कडे निर्देश दिये। इधर दुर्घटना में बच्चों के घायल होने को लेकर लक्ष्मणपुर अस्पताल में मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी न देख नाराज ग्रामीणों ने लगभग ढ़ाई से तीन घण्टे मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों की नाराजगी की जानकारी मिलते ही जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र, लालगंज कोतवाली में तैनात सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन, सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता, एसडीएम लालगंज लालधर सिंह यादव, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व सांगीपुर एसओ मनोज यादव, लीलापुर एसओ सुभाष यादव भी फोर्स के साथ पहुंच गये। नाराज ग्रामीणों ने सीएमओ को संबोधित ज्ञापन देकर चिकित्सकों की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग उठाई। अफसरों ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। अफसरो के घंटो मानमनौवल के बाद ग्रामीण मार्ग जाम से हटने को राजी हुए। तब कहीं जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। इधर दुर्घटना में मासूम मानसी की मौत की जानकारी होते ही परिजन रोते बिलखते ट्रामा सेण्टर पहुंचे। पुलिस ने मृतका का शव पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

### बच्चों के घायल होने पर अभिवावकों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक मासूमों के घायल होने की सूचना पतुलकी गांव पहुंची तो कई घरों मे कोहराम मच गया। बच्चों के अभिवावक तथा परिवार के सदस्य व ग्रामीण बेतहाशा दुर्घटनास्थल की ओर भागे। दुर्घटना में घायल अपने अपने कलेजे के टुकड़ो को देख अभिवावक बिलखने लगे। अफसर पीडित परिजनों को भी ढ़ाढस बंधाते दिखे। इधर लक्ष्मणपुर के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. राकेश प्रताप सिंह ने स्कूली वैन में एक बच्चे की मौत तथा आधा दर्जन के घायल होने पर दुःख जताया। प्रमुख प्रतिनिधि के पुत्र प्रशांत सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मिलकर उनका दुख दर्द साझा किया। प्रमुख प्रतिनिधि ने लक्ष्मणपुर स्वास्थ्य केन्द्र पर गैरहाजिर चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की भी बात कही है।

# मुंशी प्रेमचंद के साहित्य को अक्षुण रखना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि: डीएम

## जीआईसी में शिक्षक के रुप में ही याद किये गये मुंशी प्रेमचंद, कथा सम्राट के व्यक्तित्व व कृतित्व पर हुई संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 143वीं जयंती पर जीआईसी स्थित उनकी मूर्ति पर जनपद के जिलाधिकारी प्रकाश चंद श्रीवास्तव ने माल्यार्पण किया।

जीआईसी में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ने कहा कि कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने हिंदी कथा साहित्य के लेखन में अपूर्ण अवदान दिया है। खुशी है कि उन्होंने अपने लेखन का आरंभ प्रतापगढ़ में शिक्षक रहते हुए किया। जीआईसी में उनके नाम पर किसी कक्ष या सभागार का नाम होना चाहिए। उन्होंने प्रेमचंद की मूर्ति पर छतरी निर्माण का आश्वासन दिया और कहा



मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

कि उनके साहित्य को अक्षुण रखना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व बाल न्यायाधीश एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद लिजेंडरी कथाकार थे। उनकी कृतियों का विश्व की अनेक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। अपने लेखन में उन्होंने प्रतापगढ़ के जनजीवन का सचित्र शब्दांकन किया है। एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतराष्ट्रीय निदेशक वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद प्रतापगढ़ में रहे इससे प्रतापगढ़ का गौरव बढ़ रहा है। उनकी मूर्ति के पुनरुद्धार तथा छतरी के निर्माण में एलायंस क्लब की ओर से पूरा सहयोग दूंगा। अन्य जो भी दायित्व जिलाधिकारी महोदय देंगे उनको पूरा करूंगा। संगोष्ठी का संचालन शिक्षक डॉ मोहम्मद अनीश नाजिश ने किया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करने वालों में जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, प्रधानाचार्य जीआईसी राजकुमार सिंह, विंध्याचल सिंह, राजीव कुमार आर्य, आनंद मोहन ओझा, अशोक कुमार मौर्य, कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी समेत शिक्षक एवं अधिकारी प्रमुख रहे।

### एडिशनल इंस्पेक्टर ने विवेचना कक्ष की रखी आधारशिला

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एसपी प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देश के क्रम में पट्टी कोतवाली में एक विवेचना कक्ष का निर्माण होना है। जिसके लिए शासन से धन भी प्राप्त हो गया।जगह चिन्हित करने के बाद सोमवार को इस विवेचना कक्ष की आधारशिला रखी गई। वैदिक मंत्रों के साथ पट्टी कोतवाली में तैनात एडिशनल इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह ने भूमि पूजन किया और 5 फावड़ा मारकर कार्य को गति दी। पट्टी कोतवाली में विवेचना कक्ष बन जाने से विवेचना में सुविधा होगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर प्रतापगढ़ सिटी में महाविद्यालय के छात्रों ने किया रैली, लोगों को किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 17 जुलाई से 31 जुलाई के अंतिम दिन सोमवार को प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलायी गयी। शपथ दिलाये जाने के बाद रैली निकाली गई।

रैली महाविद्यालय से निकलकर प्रतापगढ़ सिटी टाउन एरिया के चारों तरफ घूमी और लोगों में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुकता पैदा किया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी बैनर, पोस्टर लेकर सड़क सुरक्षा का संदेष दे रहे थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव



जागरुकता संगोष्ठी में बोलते वक्ता।

ने करते हुा कहा कि सड़क सुरक्षा की जागरुकता से ही दुर्घटना को रोका जा सकता है। इस पर हम सभी को जागरुक करना होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नीरज कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह तथा डॉक्टर कुलदीप सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

# गंगा नदी में डूबने से अधेड की मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बरगदहा मऊदारा गांव निवासी मोहनलाल पाल पुत्र सैखू (69) वर्षीय जानवरो के चारा के लिए घास लाने गंगा नदी पार करते समय अचानक गहरे पानी में चले गये जिसे पानी में डूबते देख आस पास के चरवाहों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।

शोर मचने पर ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गई काफी मशक्कत के बाद किसी तरह मोहनलाल का शव पानी से बाहर निकाला जिसकी सांसे थम चुकी थी। शव मिलने की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पंचनामा भरके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बता दें कि मृतक मोहनलाल ईंट के भट्टे पथाई का काम करता था जो एक माह पूर्व वापस घर आया था जिसके दो लड़के थे। दोनों लड़के की मौत एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। पति की अचानक मौत हो जाने से पत्नी अकेली रह गई जो अपने पति के गम मे बेसुध हो जाती है।

### कुएं में गिरी गाय को फायर कर्मियों ने निकाला बाहर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घास चरने के लिए निकली गाय अचानक कुएं में जा गिरी थोड़ी देर बाद ग्रामीणों ने देखा उसके बाद स्थानीय पुलिस तथा फायर कर्मियों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मकरा मनभौना गांव के कन्हैया लाल प्रजापति की गाय रविवार की सुबह अचानक चरते हुए कुएं में गिर गई, जिससे वह तड़पने लगी। थोड़ी देर बाद जो इसकी सूचना उसके मालिक कन्हैयालाल को दिया। ग्रामीणों ने गाय को निकालने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ इस पर ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस तथा फायर को फोन किया और थोड़ी देर में दोनों की मदद से तथा ग्रामीणों की सहायता करने से सुरक्षित गाय को बाहर निकाला गया जिस पर गांव वालों ने फायरकर्मियों तथा स्थानीय पुलिसकर्मियों एसआई राधेश्याम सिंह, दीवान मनोज कुमार, मुकेश त्रिपाठी, अनमोल, राजेश व फायरकर्मी, अवनीश अमरजीत आदि को धन्यवाद दिया।

### छात्रा को भगा ले गया युवक, पिता ने दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीए में पढ़ने वाली एक छात्रा को गांव का एक युवक भगा ले गया। पीड़ित पिता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली से सटे एक गांव की एक युवती बीए में पढ़ती है। शनिवार को गांव का रहने वाला एक युवक उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया गया कि रायपुर रोड का रहने वाला एक युवक उसे भगाने में मदद किया है। दोनों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए उसने कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# धार्मिक महत्व के साथ पौराणिकता को समेटे है प्राचीन शिव मंदिर

## पट्टी मेला ग्राउंड में स्थित है शिव मंदिर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील में कई प्राचीन धार्मिक स्थल है जो यंहा के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को दिखाते है। पट्टी नगर मेला ग्राउंड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक और पौराणिक स्थल है जो नगरवासियों के आस्था का केंद्र है।

नगर के बुजुर्गों से इस बारे में पूछने पर बताते है कि अमरगढ़ या रामगंज रियासत के किसी राजा द्वारा इस मंदिर का निर्माण कराया गया था, तब पट्टी नगरवासी भगवान भोलेनाथ का बड़ी आस्था के साथ दर्शन पूजन अर्चन करना शुरू किया। समय के साथ लोगो की आस्था बढ़ती गई और धीरे-धीरे यह आस्था का केंद्र बन गया। नगर वासी



शिव मंदिर पर पूजन-अर्चन करती महिलाएं।

बताते है कि जो भी पूर्ण भाव और आस्था के साथ मंदिर में दर्शन और रुद्राभिषेक करता है उसकी हर मनोकामना जरूर पूर्ण होती है। मंदिर के बाहर बना हुआ कुंआ भी बहुत प्राचीन है। मंदिर पर रुकने वाले श्रद्धालु यहां से पानी भरकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करते थे। यह कुंआ आज भी मंदिर के सामने स्थित है। मंदिर पुराना होने के कारण सन 2004 में तत्कालीन विधायक राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह तत्कालीन नगर अध्यक्ष निर्मला जायसवाल के साथ मंदिर का पुनः लोकार्पण किया। उसके पहले और बाद में पट्टी चैक के व्यवसायी मदन जायसवाल सहित अन्य व्यवसायियो ने कई हिस्सों में मंदिर और मंदिर के किनारों के भागों को जीर्णोद्धार कराया। नगरवासी अब इस मंदिर पर प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक कर प्रसाद बांटते हैं। पट्टी के व्यवसायी बताते है कि पट्टी नगर का यह प्राचीन शिव मंदिर काफी पुराना है यहां पर सावन के महीने में हर सोमवार को रुद्राभिषेक करके भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की जाती है लोगों का मानना है कि यहां पर पूरी आस्था के साथ जो भी भगवान शिव शंकर से मांगता है उसकी हर इच्छा पूरी होती है।

# सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में मातृ प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

## कार्यक्रम में 60 माताओं ने किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला की शिशु वाटिका संचालिका विभा शुक्ला द्वारा विद्यालय में मातृ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अथिति मैथिली सिंह तथा अध्यक्षता श्वेता सिंह मधुपुर कोट ने किया।

परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने कराते हुए शिशु वाटिका संचालिका द्वारा मुख्य अतिथि को तथा विद्यालय की आचार्या बहिन प्रीति सिंह द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षा श्वेता सिंह को बैच और तिलक तथा अंगबस्त्र प्रदान कर स्वागत कराया। इस अवसर पर मातृ भारती अध्यक्ष नेहा तिवारी का भी बैच लगाकर स्वागत किया गया कार्यशाला की प्रस्ताविकी भाषण विभा शुक्ला ने करते हुए शिशु वाटिका शिक्षण की व्यवस्था से उपस्थित मातृ शक्ति का परिचय



मुख्य अतिथि का स्वागत करती विद्यालय की आचार्या।

कराया। अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में बालक से जुड़ने अपने बालक को बालक बनकर अनुभव करने बालक को अपनी संस्कृत सभ्यता से परिचय कराने मोबाइल से दूर रखने पर्यावरण के प्रति जागृत करने का आहवान किया। माताओं ने हिंदी गणित विज्ञान कला इंद्रिय विकाश सदाचार को खेल खेल में अनुभव किया। कार्यक्रम में कुल 60 माताएं उपस्थित रही। डेमो क्लास शालिनी पांडेय शिल्पी राय प्रीति सिंह तथा स्वयं विभा शुक्ला ने प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्वेता सिंह ने भैया बहिनों को समय पालन कर्तबय निष्ठा बड़ो के लिए आदर का भाव रखने का सकलंप दिलाया। संचालन शालिनी पांडेय ने किया।

### बहू की प्रताड़ना से परेशान ससुर ने पुलिस से लगाई गुहार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर बेसार गांव के रहने वाले दयाशंकर पटेल ने बताया कि उसकी बेटे की शादी प्रयागराज उदईपुर में हुई है। उसकी बहू शादी के बाद से घरवालों को तंग और परेशान करते हैं। गांव के एक व्यक्ति की मदद से वह उसके घर पर कब्जा कर ली है तथा रंगदारी मांगती है। ससुर ने बताया कि अराजक तत्वों के साथ उसके बहू का उठना बैठना है, वह सभी को परेशान कर रही है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश कराने की मांग

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी आबादी की जमीन व बाग के जमीन के विवाद में निस्तारण न होने पर पीड़ित ने राजस्व टीम तथा पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश कराने की लिए उप जिलाधिकारी पट्टी को पत्र लिखा है। पट्टी तहसील क्षेत्र के बेला गांव के रहने वाले रामकुमार व प्रेम शंकर ने एक प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी पट्टी को दिया जिसमें बताया कि उनके पड़ोसी के बीच आबादी तथा बाग के जमीन को लेकर कई वर्षों से पुराना विवाद चला रहा है कई बार पंचायत के द्वारा मामले को सुलझाने की कोशिश की गई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पीड़ित ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखकर राजस्व टीम तथा पुलिस की मौजूदगी में मामले का निस्तारण कराने तथा पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र लिखा है।

### रंजिश को लेकर रास्ते में रोककर युवक की पिटाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली इलाके के रेडीगारापुर गांव के रहने वाली महिला ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका बेटा ताजिया देखने के लिए गया हुआ था। उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है उसी विवाद के चलते बेटे को रास्ते में लोग रोक कर उसकी पिटाई कर दी। और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रार्थना पत्र देकर जानमाल सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर गांव की रहने वाली शीला देवी पत्नी जगन्नाथ का आरोप है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है।

# गायन प्रतियोगिता में कीर्ति मिश्रा रहे अव्वल

## गायन प्रतियोगिता और संगीत कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्र सेवा ट्रस्ट प्रतापगढ़ द्वारा नवोदित कलाकारों के उत्थान हेतु एक सिंगिंग कंपटीशन का आयोजन तुलसी सदन प्रतापगढ़ में किया गया जिसमें जनपद के तमाम विद्यालयों के बच्चों ने बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त गायन प्रतियोगिता में बाल वर्ग में कुव कीर्ति मिश्रा ने प्रथम, दक्ष सिंह ने द्वितीय और राजवीर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में आर्यन उपाध्याय ने प्रथम, कुव अंतरा श्रीवास्तव ने द्वितीय और कुव गुंजन पॉल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवा वर्ग में श्रीमती सपना



गायन प्रतियोगिता कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

शुक्ला ने प्रथम और मोव आकिब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता के उपरांत प्रयागराज की मशहूर गायिका प्रतिमा मिश्रा और प्रतिभा मिश्रा, मुंबई से पधारी फिल्म जगत की गायिका कुव इरम फात्मा और शिवानी दूबे, जनपद के मशहूर गायक तेज बहादुर सिंह, भानू प्रताप सिंह और राजवेणु ने अपनी प्रस्तुति से महफिल में न केवल चार चांद लगा दिया बल्कि अपनी प्रस्तुति से भविष्य के सिंगर्स को भी मंचीय ज्ञान प्रदान किया। संगीत कार्यक्रम के उपरांत कवि सम्मेलन का भी क्रम चला जिसमें डा० आफताब जौनपुरी, डाव राजेंद्र राज, डाव सुधांशु उपाध्याय, डाव भट्ट, राजमूर्ति सिंह सौरभ, चंद्र कांत चंद्र, गजेंद्र सिंह विकट, अनीस देहाती, नागेंद्र अनुज, तनवीर फात्मा, प्रतिमा मिश्रा, बेजोड़ जी, लोकेश श्रीवास्तव, इरम फात्मा, आदि साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से पब्लिक को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत संस्थाध्यक्ष ओम प्रकाश पंछी और आईपीसी संस्थाध्यक्ष डा० परविंदर पांडे ने सबके प्रति आभार प्रकट किया।

### युवक को पीटकर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** युवक की जमीन को उसके परिवारीजन ही हड़प रहे हैं। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो उसे पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ठेगुआ तारडीह गांव के रहने वाला सूरज कुमार ने बताया कि उसके परिवार के आधा दर्जन लोग उसकी जमीन को हड़पना चाहते हैं। इसी नियत से उसके घर के कमरे में ताला बंद कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो सभी लोग उसे लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल से 2800 नगद स्टार्टर उठा ले गए चोर

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अन्तर्गत चौकी भरवारी क्षेत्र के मोहम्मद पुर असवा गांव निवासी विवेक स्वरूप वर्मा के खेत मे लगे ट्यूबवेल से स्टार्टर वा 2800 रुपए नगद के साथ कीमती सामान वा औजार कल की रात्रि में चोर चोरी कर ले गए गृह स्वामी प्रयागराज गए हुए है सुबह होने पर गांव के लोगो ने गृह स्वामी चोरी के बारे में बताया है।

### मासिक बैठक का आयोजन आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे एक अगस्त मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक का आयोजन होगा, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है। अजय सोनी ने मासिक बैठक में सभी कार्यकताओं को शामिल होने का आग्रह किया है।

### दिनदहाड़े बाइक उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर में रविवार की सुबह दिन दहाड़े बाइक चोरी होने से लोगों में दहशत फैल गई नगर पंचायत दारानगर में दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर जैसे ही युवक दुकान में चढ़ा अपाचे सवार बाइक से उतरे बदमाश दिनदहाड़े बाइक लेकर फरार हो गए पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है लगातार हो रही घटना से कड़ा धाम पुलिस पर सवाल उठ रहे है। बदमाशों ने 10 दिन के अंदर 3 वारदात को अंजाम दिया है।

# सास स्वसुर की हत्या की दोषी बहू को अदालत ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**14 वर्ष पूर्व भरवारी कस्बे में गला घोट कर व्यापारी दंपत्ति की बहू ने पति पिता भाई के साथ की थी हत्या**

अखंड भारत संदेश



सास ससुर की हत्या में दोषी राम मनी उर्फ रागिनी



मृतक केशव प्रसाद केसरवानी



मृतक रामकली देवी

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के नया बाजार में 14 वर्ष पूर्व हुए बहुचर्चित व्यापारी दम्पति हत्याकांड में सोमवार को कोर्ट ने दोषी बहू को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी बहू के खिलाफ 50 हजार रूपए का अर्थदंड भी अदालत ने लगाया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में 14 साल पहले 01 मई 2009 को व्यापारी केशव प्रसाद केशरवानी पुत्र रामस्वरूप वा उनकी पत्नी रामकली देवी की लाश उनके घर में ही एक चुल्ले से बंधी पाई गई थी। साढ़े 4 फुट ऊंचे चुल्ले से पौने 6 फुट ऊंचे व्यापारी दंपत्ति को लटकाने का प्रयास किया गया था दोनों के शव पूरी तरह से जमीन पर टिके हुए थे शरीर और कपड़े खून से लथपथ थे कई कमरों में खून के धब्बे पड़े हुए थे शरीर में कई जगह गंभीर चोट के निशान भी थे। व्यापारी केशव प्रसाद केशरवानी पुत्र रामस्वरूप के बड़े लड़के सुशील केशरवानी की सूचना पर पुलिस ने थाना कोखराज की जनरल डायरी में मृत्यु की सूचना दर्ज करके पंचायतनामा की कार्यवाही की, तो पुलिस के हांथ में घटना का अहम सुराग मिला। मृतका रामकली देवी के ब्लाउज में व्यापारी केशव प्रसाद का लिखा एक कार्ड मिला जिसमें उन्होंने अपने साथ होने वाली किसी भी अनहोनी घटना के लिए अपने छोटे लड़के संजीव कुमार उसकी पत्नी राममनी उर्फ रागिनी ससुर दूखी व साले साजन को जिम्मेदार बताया था। इसी कड़ी को जोड़ते हुए विवेचक ने विवेचना करते हुए चारों के खिलाफ आत्म हत्या के दुष्प्रेरण का आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया दौरान मुकदमा कोर्ट ने पोस्ट मार्टम रिपोर्ट घटना स्थल की फोटो मृतक का पत्र गवाहों के बयान को संज्ञान में लेकर आरोपितों के खिलाफ हत्या का आरोप तय करके मुकदमे का विचारण शुरू किया। अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय आभा पाल की अदालत में चले इस मुकदमे में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार मिश्र ने कुल पांच गवाहों को कोर्ट में बुला कर गवाही कराई मुकदमा वादी के वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा और दीप नारायण तिवारी ने भी दोहरे हत्याकांड के दोषी को कठोर से कठोर दंड देने की मांग की दोनों ओर से की गई बहस को सुनने के बाद कोर्ट ने 25 जुलाई को व्यापारी दम्पति हत्याकांड के लिए उनकी बहू राममनी उर्फ रागिनी को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया था। मुकदमे के दो आरोपी संजीव व उसके ससुर दूखी की दौरान मुकदमा मौत हो गई थी। जबकि तीसरे आरोपी साजन को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।सोमवार को सजा सुनाने के लिए दोषसिद्ध राममनी उर्फ रागिनी को कोर्ट में जेल से तलब किया गया था शाम करीब पांच बजे अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय आभा पाल ने राममनी उर्फ रागिनी को उम्रकैद व 50 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई तो उसके आंसू छलक पड़े। कोर्टरूम में अपने बेटे से लिपट कर वह खूब रोई। कोर्ट की कार्यवाही पूरी होने के बाद रागिनी को सजायाबी वारंट के तहत सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### हाईटेक नर्सरी का सीडीओ ने निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने आज कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में उद्यान विभाग द्वारा तैयार की जा रहीं हाईटेक नर्सरी का निरीक्षण कर जायजा लिया इस नर्सरी को वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन इकाई के रूप में बनाया जा रहा हैं। हाईटेक नर्सरी का कार्य मनरेगा योजनान्तर्गत कराया जाना है, जो कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से संचालित किया जायेंगा। इस नर्सरी को निर्मित कर संचालित करने का बजट 2 करोड़ 06 लाख रुपये है तथा इसके लिए कार्यदायी संस्था के रूप में शशांका एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, रांची का चयन किया गया है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इकाई के निर्माण के लिए भूमि का चयन कर किया गया है, तथा अग्रिम कार्यवाही तेजी से की जा रहीं है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को इस कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये हैं निरीक्षण के दौरान उपायुक्त स्वतः रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी विकास खण्ड मूरतगंज एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बन्ध में जिला समन्वय समिति की बैठक



**कौशाम्बी।** सीएमओ डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बन्ध में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में बताया गया कि दिनांक 10 अगस्त से 28 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम संचालित किया जायेंगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए सामुदायिक जागरूकता के लिए पी0सी0आई0 टीम द्वारा ग्राम प्रधानों, राशन डीलरों, छात्रों, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य/शिक्षक, आशा एवं ए0एन0एम0 आदि से सम्पर्क कर संवेदीकरण का कार्य किया जा रहां है तथा आशाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है मुख्य चिकित्साधिकारी ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब तक की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आशाओ को भली-भॉति प्रशिक्षण दिया जाय, जिससे वे अपने कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पादित कर सकें तथा माइक्रो प्लान तैयार कर माइक्रो प्लान के अनुसार ही कार्य किया जाय। स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया की दवा खिलवायें।

### जीवन में तरक्की के लिए शिक्षा अति आवश्यक : ब्लाक प्रमुख




**करारी कौशाम्बी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंधवा कल्याण में सोमवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मंझनपुर सरला राय का स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंझनपुर ब्लॉक प्रमुख सरला राय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में तरक्की के लिए शिक्षा अति आवश्यक है इसलिए सभी लोग अपने बच्चों को शिक्षित करें उन्होंने शिक्षा को लेकर उपस्थित लोगों से कहा कि शिक्षा विकास का द्वार खोलती है और सभी लोग अपने बच्चों के विकास के लिए उन्हें शिक्षित करें इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी मंझनपुर खंड शिक्षा अधिकारी जवाहर लाल यादव प्रधानअध्यापक शिवा कांत पाण्डे रितेश प्रधान अध्यापक इब्राहिमपुर महेंद्र केसरी हरिशंकर तिवारी मोहम्मद अहमद संकुल प्रभारी रंजीत ज्ञान बाबू आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# 9 साल की बच्ची का फंदे से लटकता मिला शव

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी चमन्धा में 9 साल की बच्ची का फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी मच गई,घटना के दौरान बच्ची के परिजन प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन पकड़ने गए हुए थे, लेकिन ट्रेन छूट गई,तभी बच्ची के माता पिता के दादा के निधन की खबर मिली तो घर वापस आ गए तो देखा कि उनकी बच्ची का शव फंदे से लटका हुआ है,शोर मचाने पर लोगो ने उसको फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए जहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चमन्धा के रहने वाले प्रकाश बाहर रहकर मजदूरी करते है,घर पर उनकी पत्नी बच्चो के साथ रहती है,प्रकाश के रिश्तेदार दुर्घटना में घायल हो गए थे उन्हें देखने के लिए पत्नी ट्रेन से प्रयागराज जा रही थी लेकिन उनकी ट्रेन छूट गई,और तभी उनके दादा के निधन की सूचना आ गई तो वह लोग वापस घर आ गए,जैसे ही वह घर पहुंचे तो उनकी बच्ची अनुष्का बकरी बांधने वाली गेराई के फंदे से लटक रही थी,लोगो ने बच्ची को नीचे उतारा और अस्पताल ले गए जहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।लोगो में आशका है कि बच्ची को मारकर उसे फंदे से लटका दिया गया है।

**हत्या कर शव लटकाने की आशंका**



### मजदूर की टैक्टर से गिरकर हुई मौत

**टेडीमोड कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक रेजमा गांव का एक मजदूर ट्रैक्टर में रहकर मजदूरी करता था ट्रैक्टर से सामान लेकर मजदूर कहीं जा रहा था सैनी कोतवाली क्षेत्र के गोरियो मोड़ के पास ट्रैक्टर से अचानक मजदूर नीचे गिर गया है जिससे वह कुचल गया और मौके पर उसकी मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को सैनी कोतवाली के गोरियो मोड़ के पास टैक्टर मे सामान लाद कर केसरिया से गनपा गाँव जा रहा मजदूर संजय कुमार उम्र 18 वर्ष पुत्र बीरेंद्र कुमार निवासी मलाक रेजमा कोखराज टैक्टर से नीचे गिर गया टैक्टर की पहिया चढ़ती हुई मजदूर के ऊपर से निकल गईं है जिसमे मजदूर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गईं मौत की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।




### बीसी सखी अभियान का सीडीओ ने फीता काटकर किया शुभारम्भ

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने ग्राम पंचायत-हुसैनमई में आयोजित कार्यक्रम में आजादी के अमृत महोत्सव-2 के तहत जनपद में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए बीसी सखी अभियान का फीता काटकर शुभारम्भ किया। यह अभियान 31 जुलाई से 03 अगस्त तक संचालित किया जायेंगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि बीसी सखी ग्राम पंचायतों के लिए एक लाभकारी योजना है, इसके द्वारा ग्रामवासी 24 घण्टे में कभी भी अपने खाते से पैसों का लेन-देन बिना बैंक जाकर कर सकतें हैं तथा इसके लिए गांव से बाहर जाने की कोई जरूरत नही है। उन्होंने बताया कि निःशक्त लोंगो के लिए बैंकिंग की सुविधा बीसी सखी के द्वारा उनके घर पर भी उपलब्ध हो सकतीं हैं। जनपद में 268 बीसी सखी सक्रियतापूर्वक कार्य रहीं हैं इस असवर पर उपायक्त स्वतः रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज, जिला मिशन प्रबंधक एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे।

# मंझनपुर में बेखौफ तरीके से हो रहा सरकारी जमीन पर कब्जा !

**प्रशासन मौन : पूर्व में सरकारी जमीनों पर हुए कब्जे को खाली कराने में प्रशासन नहीं दिखा रहा दिलचस्पी, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को सरकारी आंकड़ों में दर्ज कर उत्तर प्रदेश की सरकार को सूचना नहीं भेजी जा रही है**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** एक तरफ योगी सरकार सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा खाली कराने के लिए लगातार डीएम कमिश्नर को निर्देश दे रही है लेकिन जनपद कौशांबी मुख्यालय में सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं है एक के बाद एक कई दर्जन सरकारी जमीनों पर कब्जे हो चुके हैं डीएम कमिश्नर की नजर भी सरकारी जमीनों पर कब्जे की ओर नहीं पहुंच रही है केवल मीटिंग में सरकारी जमीन खाली कराने के निर्देश देते हुए सुने जाते हैं लेकिन मौके पर सरकारी जमीनों को खाली करने के लिए मंझनपुर तहसील प्रशासन और नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारी सक्रिय नहीं दिखाई पड़ रहे है।

मंझनपुर कोतवाली के ठीक सामने करोड़ों की सरकारी जमीन पर आलीशान भवन बन गए हैं पहले अधिकारियों ने रोका फिर भवन बनवा दिया लुका छुपी का खेल होता रहा लेकिन सरकारी जमीन पर कब्जा करने में कब्जा धारक अधिकारियों की सांठगांठ से सफल हो गए बार-बार शिकायत के बाद सरकारी जमीन पर बने भवन पर कार्यवाही नहीं हो सकी है इसी तरह मंझनपुर चौराहे पर जलजमाव की जमीन पर मकान निर्माण को तत्कालीन जिलाधिकारी ने रोका था कुछ दिन लुका छुपी का खेल चला उसके बाद सरकारी जमीन पर बहुमंजिला भवन बन गया है इस पर भी कार्यवाही नहीं हो सकी है मंझनपुर मुख्यालय में दर्जनों शत्रु संपत्तियों में अवैध कब्जे हो चुके हैं देखते-देखते बहुमंजिला भवन बन गए हैं कार्यवाही के नाम पर अधिकारी केवल लकीर पीटते दिखाई पड़ रहे हैं।अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गई जब सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को सरकारी आंकड़ों में दर्ज कर उत्तर प्रदेश की सरकार को सूचना नहीं भेजी जा रही है जिससे सरकार तो यही मानती कि उसकी सरकारी जमीन सुरक्षित है जबकि जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत है देखते देखते मंझनपुर तहसील रोड पर श्रीराम वाटिका जाने वाले रास्ते पर खाली पड़ी करोड़ो कीमत की सरकारी जमीन पर पक्की फर्स बनाकर फेब्रिकेशन का व्यवसाय शुरू कर दिया गया है महीनों से शुरू हुए सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में नगर के लोगों ने तहसील के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन सरकारी जमीन के कब्जे खाली नहीं हो सके उसी रास्ते से आए दिन जाने वाले अधिकारियों की नजर सरकारी जमीन के कब्जे पर नहीं है या फिर सेटिंग के तहत सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने की छूट दी गई है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन कुछ भी हो जनपद मुख्यालय मंझनपुर में सरकारी जमीन अब सुरक्षित नहीं है आला अधिकारी गंभीर नहीं है। पूर्व में सरकारी जमीनों पर हुए कब्जे के मामले में बुलडोजर लगाकर सरकारी जमीन पर बने भवन को ध्वस्त नहीं कराए जा रहे हैं बल्कि खाली पड़ी जमीनों पर बेखौफ तरीके से कब्जे हो रहे हैं सरकारी जमीनों पर कब्जे के आड़ में राजस्व कर्मी मालामाल हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी अधिकारी गंभीर नहीं है आखिर योगी सरकार के निर्देश की अवहेलना करने वाले तहसील और नगरपालिका के अधिकारियों के कारनामों को डीएम कमिश्नर गंभीरता से संज्ञान में क्यों नहीं लेते हैं इस बात का उत्तर आम जनता योगी सरकार से चाहती है लेकिन शायद इस बात का उत्तर देने वाला कोई नहीं है नगर के लोगों ने एक बार फिर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाही करते हुए सरकारी भूमि को खाली कराने की मांग की है।

### सरकारी जमीन सुरक्षित ना कर पा रहे अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग

**कौशांबी।** सरकारी जमीनों को सुरक्षित न रख पाने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सरकार की नौकरी करने के क्या अधिकार हैं जिस क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर कब्जे होते हैं उस क्षेत्र के सरकारी नुमाइंदों की जवाबदेही तय करनी होगी इस पर कानून बनाना होगा जो सरकारी कर्मचारी अधिकारी सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित नहीं रख सकता उसे सरकार की नौकरी करने का अधिकार नहीं होना चाहिए उसे बर्खास्त किए जाने का कानून बनाया जाना जरूरी है तभी सरकारी संपत्ति सुरक्षित रह सकती हैं लेकिन सरकारी संपत्ति को सुरक्षित करने के लिए इस पर कानून बनाने के लिए पूर्व की सरकारों की तरह वर्तमान की योगी सरकार भी लापरवाह दिखाई पड़ रही है इस मामले को सरकार को गंभीरता से लेना होगा और सरकारी संपत्ति सुरक्षित करने के लिए कठोर कानून बनाए जाने की जरूरत है।

### सड़क सुरक्षा नियमों का करना चाहिए पालन : प्राचार्य




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 17 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य सड़क सुरक्षा से संबंधित बिभिन्न कार्यक्रम एवम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में महाविद्यालय की सड़क सुरक्षा समिति , राष्ट्रीय सेवा योजना और रोवर रेंजर्स के तत्वावधान में दिनांक 26 जुलाई को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत दिनांक 28 जुलाई को सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कौशांबी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवम शिक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके साथ ही महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं के मध्य क्विज, भाषण, निबंध एवम पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई । सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन दिनांक 31 जुलाई को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ०अरविंद कुमार की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए और जीवन अनमोल है ये समझना चाहिए और सड़क पर होने वाली दुर्घटना के प्रति सचेत रहना चाहिए और लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य ने द्वारा प्रतियोगिता परिणाम की भी घोषणा की गई और विजेता प्रतियोगियों को शुभकामना एवम बधाई दी गई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सपना देवी बी ए प्रथम , द्वितीय स्थान दिव्यानी देवी बी एस सी द्वितीय, तृतीय स्थान पूजा देवी बी एस सी द्वितीय ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिंस कुमार ने, द्वितीय स्थान अनिकेत सिंह ने , तृतीय स्थान गौरव मिश्र ने। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका पाण्डेय, द्वितीय स्थान गुंजन देवी, तृतीय स्थान अभिलाषा तिवारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में डा० अनिल कुमार डा० नीलम बाजपेई, डा पवन कुमार , डा रीता दयाल एवम डा रमेश चन्द्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा प्रभारी रीता दयाल एवम राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा पवन कुमार ने किया।

# इंटरलॉकिंग के नाम पर निकल गए खजाने से रुपए नहीं हुए कार्य

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव में खराब गलियों में इंटरलाकिंग लगाए जाने के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों की रकम ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने निकाल ली है लेकिन गांव की गलियों में इंटरलॉकिंग नहीं लग सका है रामपुर सुहेला ग्राम पंचायत में बड़ी धांधली की ओर अभी तक खंड विकास अधिकारी सिराथू और एडीओ पंचायत सिराथू ने भी दोषी पंचायत सचिव और प्रधान पर मुकदमा दर्ज करा कर रकम रिकवरी कराए जाने दोषियों की गिरफ्तारी कराए जाने का निर्देश नहीं दिया है जिससे ग्राम पंचायत की धांधली में एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी की हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान रामपुर सुहेला गांव की ओर आकृष्ट कराते हुए इंटरलॉकिंग निर्माण के नाम पर गांव में लाखों की रकम निकालने के मामले की जांच कराए जाने दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने और भ्रष्टाचार की रकम की रिकवरी कराए जाने की मांग की है साथ ही साथ मॉनिटरिंग में लापरवाही करने वाले खंड विकास अधिकारी सिराथू और एडीओ पंचायत सिराथू पर विभागीय कार्रवाई करते हुए निलंबित किए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक विकासखंड सिराथू क्षेत्र के रामपुर सुहेला ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्य के लिए मस्जिद से लेकर मंगु के घर तक प्रस्ताव स्वीकृत कर बिना कार्य शुरू कराए सरकारी खजाने से लाखों की रकम निकाल ली गई महीनों बीत गए लेकिन इंटरलाकिंग का कार्य शुरू नहीं हो सका है जबकि अभिलेखों में सड़क निर्माण पूर्ण हो चुकी है ग्रामीणों की माने तो अधिकारियों का कार्य पूर्ण की सूचना भेजी जा चुकी है आखिर जिले में कब तक अभिलेखों में विकास कार्य कराए जाते रहेंगे सरकारी खजाने को चपत लगाई जाती रहेगी और अधिकारी भी धांधली के मामले को गंभीरता से नहीं लेगे गांव के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इंटरलॉकिंग निर्माण के नाम पर धांधली करने वाले ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के कारनामों की जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा है कि दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराया जाए इनकी गिरफ्तारी कराई जाए और उनसे सरकारी रकम की रिकवरी कराई जाए ग्रामीणों ने बताया कि अन्य कई मामलों में भी रामपुर सुहेला ग्राम पंचायत में बड़ी धांधली हुई है और उच्च स्तरीय जांच कराकर भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को बेनकाब किया जाए।

**दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर रिकवरी कराए जाने की शुरू हुई मांग**



# गरीब लोगों को 2 जून रोटी के सरकारी अनाज के लिए करना पड़ रहा है संघर्ष

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकार की गरीबों को 2 जून की रोटी मुहैया कराने का सपना अधिकारियों की भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है गरीब लोगों को 2 जून रोटी के सरकारी अनाज के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है इससे ज्यादा क्या शर्मनाक होगा कि उन गरीबों का हक मारा जा रहा है जिनके पास 2 जून की रोटी का प्रबंध नहीं है लेकिन इस मामले को पूर्ति अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जिससे 2 जून की रोटी का प्रबंध करने के लिए लोगों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है फिर भी तमाम परिवार के बच्चे 1 जून भूखे सो रहे हैं जिले के तमाम ग्राम पंचायतों में सरकारी खाद्यान्न योजना में बड़े घोटाले हैं कई वर्षों से यह घोटाला चल रहा है लेकिन बेनकाब करने का प्रयास पूर्ति कार्यालय नहीं कर सका है पूर्ति कार्यालय कोटेदारों पर कार्यवाही करता नहीं दिख रहा है बल्कि पूर्ति कार्यालय कोटेदारों से सांठगांठ कर मालामाल होता दिख रहा है सरकारी खाद्यान्न योजना में बड़े घोटाले के बाबत आए दिन अधिकारियों की चौखट पर तहसील समाधान दिवस से लेकर आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल पर लोग शिकायत कर रहे हैं लेकिन जांच के नाम पर पूर्ति कार्यालय को जाच सौप दी जाती है अब भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्ति अधिकारी कैसे दोषी कोटेदार और विभागीय अधिकारियों को दोषी साबित करेंगे जिससे योगी सरकार की पूरी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। कार्ड धारकों को उनके हक का अनाज ना मिलने के तमाम मामलों में मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के छिमिरछा ग्राम पंचायत के जब कई ग्रामीणों से बात की गई तो ग्रामीणों ने बताया कि आधे गांव के कार्ड धारको को कोटेदार सरकारी राशन नहीं देता है अपने हक का राशन पाने के लिए तमाम कार्ड धारकों से कोटेदार की प्रत्येक महीने बहस होती है लेकिन फिर भी तमाम लोगों को राशन नहीं मिलता प्रत्येक महीने सरकारी राशन ना पाने वाले कार्ड धारक पूर्ति विभाग से लेकर अधिकारियों तक शिकायत कर रहे हैं तहसील समाधान दिवस से लेकर मुख्यमंत्री के आइजीआरएस पोर्टल तक तमाम शिकायतें होती है उसके बाद भी करीब कार्ड धारकों के हक का खाद्यान्न उन्हें नहीं मिल रहा है इतना ही नहीं जब गरीब कार्ड धारक कोटेदार से अपने हक के खाद्यान्न के लिए बात करने लगते हैं तो कोटेदार गाली गलौज कर डॉट कर भगा देता है राशन में घटतौली भी कोटेदारों की आम बात है बाट माप अधिकारी भी घटतौली रोकने का प्रयास नहीं करते हैं हालांकि देखते देखते विभागीय अधिकारियों के साथ कोटेदार मालामाल हो गए हैं राशन की कालाबाजारी करने वाले कोटेदारों को पूर्ति कार्यालय पर बड़ा भरोसा है कि जांच के नाम पर उनके गुनाह माफ हो जाएंगे और गुनाह माफ होते भी हैं नाम ना छापने की शर्त पर तमाम कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक को महीना पहुंचाने का भी आरोप लगाया है 2 जून रोटी के लिए राशन ना मिलने के बाद भी गरीब कार्ड धारकों की सुनवाई भी पूर्ति कार्यालय नही करता दिख रहा है।



**छिमिरछा गांव सहित तमाम गांव में आधे कार्ड धारकों को नहीं मिलता सरकारी खाद्यान्न, बार-बार शिकायत के बाद भी कालाबाजारी में लिप्त कोटेदारो पर कार्यवाही नहीं करता दिख रहा पूर्ति कार्यालय**

### लखीमपुर खीरी की तरह कौशांबी में भी उजागर होगा सैकड़ों करोड़ का घोटाला

**कौशाम्बी।** जिले में खाद्यान्न घोटाले के बाबत यदि योगी सरकार ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो पूर्ति निरीक्षक और जिला पूर्ति अधिकारी के भ्रष्टाचार की कलाई खुलना तय है और लखीमपुर खीरी जनपद की तरह कौशांबी जनपद में भी सैकड़ों करोड़ का खाद्यान्न घोटाला उजागर होगा।

# मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है कृषि, किसान और कृषि क्षेत्रों का विकास

**अशोक भाटिया**

देश की असली उन्नति और आर्थिक विकास के लिए कृषिए किसान और कृषि क्षेत्रों का विकास अत्यावश्यक है। कृषि समाज की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में सशक्त माध्यम हैए साथ ही बढ़ती आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने में भी सर्वाधिक सहायक है। भाजपा ने अपनी भरोसेमंद किसान नीतियों के माध्यम से किसानों के सम्मान को सुनिश्चित और उन में विश्वास को बढ़ाने का कार्य किया है। जड़ों से कृषि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और परिश्रमी व अनुभवी किसानों के उत्थान के भी निरंतर प्रयास किए हैं जबकि कांग्रेस की किसान विरोधी भ्रष्ट नीतियों से कृषि क्षेत्रों की समस्याएं बढ़ती रही और विकराल रूप ले गई हैं।

यही कारण है कि आजादी के बाद से लगातार कांग्रेस के शासन में कृषि क्षेत्र की उपेक्षा बनी रही और प्रदेश सहित पूरे देश में कृषि व्यवस्थाएं चौपट होती रही। होना यह चाहिए था कि औद्योगिक विकास और कृषि विकास के बीच में संतुलन बनाया जाता और हुआ क्याण किसानों की हालत जर्जर होती गई हैए गांव उपेक्षा का शिकार बने रहे और अभावग्रस्त होते चले गएए ग्रामीण रोजगार में लगातार गिरावट आईए ग्रामोद्योग का सम्यक विकास ना होने से बहुत बड़ी संख्या में गांव से पलायन हुआ और असंतुलित शहरी शहरीकरण का कारण बना। गांव से पलायन और कॉल बेरोजगारी के कारण किसानों को एक राज्य से दूसरे राज्य में पलायन करना पड़ा जिसका प्रभाव उनके पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी आयाण यह कांग्रेस की विकास विरोधी और सामाजिक वाह बुनियादी आवश्यकता पूर्ति करने वाले कृषि क्षेत्र की सही समझ ना हो पाने के कारण और प्रदेश और राज्य स्तर पर गलत नीतियों के दुष्परिणाम भोगने के लिए किसानों को विवश होना पड़ रहा था ।

मध्यप्रदेश का ही उदहारण ले लीजिए । किसान पुत्र शिवराज सिंह चौहान की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने लगातार कृषि क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 2002.3 की कृषि विकास दर 03? को बढ़ाकर 18ण्89 तक पहुंचाने में सफलता पाई है। कांग्रेस के राज्य में प्रदेश बीमारू माना जाने लगा था जबकि मोदी जी के नेतृत्व में चल रही शिवराज सरकार ने प्रदेश की 1ण्35 करोड़ आबादी को गरीबी से बाहर लाने में सफलता प्राप्त की है। कांग्रेस हमेशा झूठे वादे करती रहीण किसानों को ठगने और झूठे आश्वासनों की नीतियों के कारण से किसानों के साथ किए गए वादे पूरे नहीं किए गए । कांग्रेस ने वादा किया था कि किसानों के 5 हॉर्स पावर पंप का बिल माफ करेंगे जिसे पूरा नहीं किया गया जबकि भाजपा की सरकार ने 5 हॉर्स पावर के सोलर पंप योजना में किसानों को 115 करोड़ रुपए का अनुदान उपलब्ध कराया है । मध्यप्रदेश में 5 हॉर्स पावर की कृषि उपभोक्ताओं को 51ए022 रुपए के बिल के स्थान पर केवल 3ए750 रुपए का ही बिल दिया जा रहा है।

आज 93ः सब्सिडी कृषि उपभोक्ताओं को मिल रही है। 32 लाख 76 हजार से अधिक कृषि उपभोक्ता विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। अटल ज्योति योजना के तहत 10 हॉर्स पावर के विद्युत कनेक्शन वाले प्रत्येक उपभोक्ता को 1ए15ए000 की खपत पर केवल 7500 का शुल्क लिया जाता है । अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों के एक हेक्टेयर तक भूमि वाले 5 हॉर्स पावर भार वाले लगभग 9ए60ए000 से भी अधिक किसानों को प्रति वर्ष 4ए800 करोड़ की बिजली सब्सिडी मिल रही है इसी प्रकार सरकार ने 3 वर्षों में किसानों की खेती के लिए बिजली कनेक्शन में 45ए150 का अनुदान देने का काम किया है।



मोदी जी की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों का कर्जा माफ करने के लिए कटिबद्ध है प्रदेश में कृषक ब्याज माफी योजना 2023 में शुरू की गई प्रदेश के 11 लाख से भी अधिक डिफाल्टर किसानों का 2123 करोड रुपए का कर्जा माफ हुआ है । विगत 3 वर्षों में 47ए100 करोड़ रुपए से भी अधिक के कृषि ऋण शून्य ब्याज दर पर दिए हैं।

उल्लेखनीय बात तो यह भी रही है कि कमलनाथ के कांग्रेसी सरकार में मंत्री रहे गोविंद सिंह ने भी कमलनाथ के द्वारा किसानों को ठगने की बात स्वीकारी थीए कर्ज माफी के झूठे वादे से परेशान किसानों से सामूहिक आत्मदाह तक की बात कहकर सरकार का विरोध किया था और इसी झूठे वादे के चलते कमलनाथ की सरकार से बड़ी संख्या में कांग्रेस के विधायकों का मोह भंग हुआ और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साल 2018 में कांग्रेस सरकार ने घोषणा की थी कि किसानों के मुकदमे वापस किए जाएंगे लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं किया। राजस्थान में देखा जा सकता हैं कि किसानों के द्वारा कर्ज नहीं चुकाए जाने पर उनकी जमीनों की नीलामी की जा रही हैए क्या यही कांग्रेस की नीति हैघ् क्या कांग्रेस किसानों का इस प्रकार से उत्थान करना चाहती है।

जब केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के पक्ष में नीति बनाकर किसानों को और अधिक स्वायत्तता प्रदान करने का प्रयास कियाए तब इस किसान विरोधी आंदोलन को हवा देकर कांग्रेस ने एक अच्छी एक अच्छी नीति को नष्ट करने का काम किया है।

मध्यप्रदेश की सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए 7 सूत्रीय रणनीति तैयार की हैण यह देश के कल्याण के लिए आदर्श है जिसमें संकट के समय किसानों की सहायता करना ए खेती के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ए कृषि की उत्पादन लागत को कम करनाए खेती का उत्पादन बढ़ाना ए किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाना एकिसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से किसानों को संगठित और सफल बनाना है और खेती के विविधीकरण और कृषि निर्यात और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की बेहतरी के लिए समर्पित हो संकल्पित है। सरकार सिर्फ अन्नदाता की बेहतरी का नारा नहीं देती है बल्कि उसकी आमदनी को दोगुना करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं व कृषि अधोसंरचना विकास के माध्यम से इस दिशा में कार्य कर रही है।

कांग्रेस ने किसानों को एक बार फिर पांच वचन दिए हैण यह वचन नहींए पुनः ठगी का प्रवचन हैए इन झूठे वचनों से 2018 के चुनाव में समर में प्रदेश के किसान ठगे गए थेए अब वह भली.भांति इससे परिचित हैं। केंद्र सरकार के द्वारा भी पीएम किसान निधि किसानों के लिए बहुत कारगर साबित हो रही है। इसके तहत हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने 17ए000 करोड रुपए की चौथी किस्त की राशि 8ण्5 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को डीबीटी के जरिए ट्रांसफर की है। भाजपा की केंद्र सरकार ने यूरिया गोल्ड जो सल्फर कोटेड हैए की एक योजना शुरू की है जिससे मिट्टी में सल्फर की कमी दूर होती है और वास्तविक समस्या का समाधान होता हैण इसी प्रकार डिजिटल वाणिज्य के ओपन नेटवर्क पर 1500 किसान उत्पादक संगठनों को शामिल किए जाने का शुभारंभ किया गया है।

यह कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए बहुत बड़े कदम साबित हो रहे हैं। हाल ही में राजस्थान में यशस्वी प्रधानमंत्री ने सवा लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र समर्पित किए हैंए जो साल के अंत तक 1ए75ए000 केंद्र बन जाएंगे जिसमें किसानों की जरूरत जरूरतों के लिए एक ही स्थान पर समाधान देने का विकासात्मक कार्य किया जाएगाण इन केंद्रों पर उर्वरकए बीजए उपकरण और मिट्टी से लेकर परीक्षण संबंधी सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं भी किसान पुत्र हैंए कृषि और किसानों की समस्याओं से बहुत जमीनी तौर पर जुड़े रहे हैं और पूरी संवेदनशीलता के साथ इनके समाधान के लिए प्रयासरत और कटिबद्ध रहे हैं ण्उसी का परिणाम है कि किसानों के बीच में मोदी जी व भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता बढ़ रही है और गांव और किसानों की स्थितियों में लगातार सुधार आ रहा हैण विश्वास है कि अब किसान कांग्रेस के झूठे वादों और नए आश्वासनों के चक्कर में ना पढ़कर केंद्र और राज्य सरकारों की विकास योजनाओं का लाभ लेकर उन्नत ग्रामए समृद्ध किसान और स्वाबलंबी कृषि की अवधारणा को स्थापित करेंगे।

अशोक भाटिया

## संपादकीय

### राजनेताओं में बढती अनैतिकताए लोकतंत्र के लिए खतरनाक

देश में जब.जब भी चुनावी माहौल आता हैए तब.तब राजनेताओं का बड़बोलापन व भाषा की मयार्दा सीमा लांघ जाती है। इस माहौल में देश में जातिए धर्मए लिंग भेद के नाम पर तरह.तरह के जुमले चलते है। चुनावों में अनैतिकता बढ जाती है। चुनाव में बढते अनैतिक आचरण से हमारे लोकतंत्र की मयार्दा तार.तार हो रही है। चुनाव लड़ने वाले नेताओं से जनता यह अपेक्षा करती है कि अपनी भाषायी मयार्दा के साथ.साथ चुनाव में किसी भी प्रकार का ऐसा आचरण नही करेंए जिससे आम जनता पर विपरीत असर पड़े। देश के राजनीतिक दलों को भी चाहिए कि वे देश में उन लोगों को टिकिट दें जो नैतिक व ईमानदार छवि के व्यक्ति हो।

चुनाव लड़ना कोई बुरी बात नहीं हैए लेकिन चुनाव में लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत आचरण करना राष्ट्रीय अस्मिता के लिए खतरा है। चुनाव भले ही महाविद्यालय के होए पंचायत स्तर के होए विधानसभा या लोकसभा के क्यों न हो लेकिन जब नैतिकता एवं मयार्दा को ताक में रखकर चुनाव लड़े जाते है तो चुनाव दंगल का रूप ले लेता हैए वहां एक दूसरे के प्रति सम्मानए सदभाव एवं देश विकास की बात गौण हो जाती है जबकि चुनाव में नैतिक आचरण बहुत जरूरी है। मूल्यों की रक्षा एवं विकास के लिए ऐसे उम्मीदवारों को संकल्प ग्रहण करना होगा जो देश के विकास में सहभागी बनना चाहते है। तभी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में देश की जनता के साथ समुचित न्याय किया जा सकता है। चुनाव शुद्धि देश की जनता के सामने बहुत बड़ा विकल्प है। अगर जनता चुनाव शुद्धि को सफल बनाती है तो देश को एक स्वस्थ सरकार मिलेगी जिसके परिणाम स्वरूप देश का बहुमुखी विकास होगा वहीं स्थिर एवं प्रभावी विकास होगा। चुनाव शुद्धि के लिए उम्मीदवार यह संकल्प ग्रहण करे कि हम चुनाव में विजयी हो या न हो किसी भी हालत में भ्रष्ट व अनैतिक तरीकों को इस्तेमाल चुनाव में नहीं करेगें। इसी प्रकार सता पर आसीन दल की बहुत बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि चुनाव में सरकारी सम्पत्ति एवं साधनों का उपयोग किसी भी प्रकार नही होना चाहिए। सबसे बड़ी जिम्मेदारी बनती है हमारी जनता जर्नादन कीए जो जागृत होकर लोभए भय आदि में आकर लोकतंत्र को दूषित न करें। तभी स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था को अमली जामा पहनाया जा सकता है।

जब चुनाव में अनैतिक आचरण नहीं होगा तब योग्य उम्मीदवार का सामने आना तय है। वर्तमान हालातों में चुनावों की दशा देखकर योग्य उम्मीदवार स्वयं ही किनारा कर लेता हैए जो देश में सही लोकतांत्रिक व्यवस्था व विकास के लिए अच्छी बात नहीं है। देश की जनता को सजग व जागरूक होना होगाए योग्य उम्मीदवार का चयन करना होगा। तभी इस चुनाव की व्यवस्था को सुधारा जा सकता है। जब यह व्यवस्था लोकतंत्र में प्रभावी होगी तभी उम्मीदवार यह संकल्प ग्रहण कर पायेगा कि मैं चुनावों में अनैतिक आचरण नहीं करूगां।

अणुव्रत प्रवर्तक आचार्य तुलसी ने चुनाव शुद्धि को लेकर जो देष को चिंतन दिया आज भी उनके चिंतन पर बहुत बड़ा काम हो रहा है। आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से जहां चुनाव.शुद्धि अभियान को गतिशील किया वहीं योग्य व ईमानदार उम्मीदवार के चयन के लिए भी देश की जनता का मार्ग प्रशस्त किया। तात्कालिक मुख्य चुनाव आयुक्त टीण्एनण शेषन ने आचार्य तुलसी के सामने नतमस्तष्क होते हुए उनके द्वारा दिये गये सुझावों को स्वस्थ चुनाव प्रक्रिया के लिए उपयोगी बताये। देश के विकास एवं संतुलन के लिए लोकतंत्र मानवीय एकता का सूत्रधार बनेए यह तभी संभव होगा। जब देश की चुनाव प्रक्रिया शुद्ध होगी।

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जनता का प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी हैए जब जनता जागरूक होगी तभी सही मायने में लोकतंत्र की जीत होगी। लोकतंत्र की नीव अभय पर टिकी हैण जब जब जनता में भय का भाव पैदा होगाए देश को लोकतंत्र खतरे में होगा। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति का नैतिकता में प्रबल विश्वास होए उसके अनुरूप जीवन जीने का संकल्प एवं संकल्प की रक्षा के लिए किये जाने वाला आचरण प्रभावी बने। जहां जातिए सम्प्रदाय और अर्थबल से प्रभावित नहीं होगाए वहां नीतिनिष्ठ देश का ढांचा तैयार होगा। इन सबके साथ.साथ लोकतंत्र के इस उत्सव में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी जीवित रखना होगा।

जब मानवीय चेतना पर अनैतिकता हावी हो जाती है तो लोकतंत्र का खतरे में पड़ना तय है। इसके लिए चुनाव आयोग का प्रयास प्रभावी हैण आज चुनाव की प्रक्रियाएं सहज व सरल बनती जा रही है जो आम मतदाताओं की विचारधारा एवं चिंतन को ध्यान में रखकर बनायी जा रही है। इससे हमारा चुनावी तंत्र मजबूत हुआ है। देश की जनता वोट के प्रति जागरूक बनी है। चुनाव का सारा दारोमदार जनता पर हैए जनता ही लोकतंत्र का वह मजबूत स्तम्भ है जिसके सहारे मजबूत महल खड़ा किया जा सकता है।

आज आवष्यकता है चुनाव.शुद्धि अभियान की। जब तक चुनाव पूर्ण रूप से शुद्ध नहीं होगें तक तक देश के विकास की बात सोची ही नहीं जा सकती। आज भारतीय जनमानस पर अनैतिकता हावी दिखाई दे रही है। सभी लोग अपने स्वार्थों की पूर्ति में लगे हैंए ऐसे में भला देश के क्या हालात होंगेए किसी से छिपा नहीं है। लोकतंत्र शुद्धि के लिए आवश्यक है.जन चेतना को जगाने का। जब तक बुद्धि.जीवी वर्गए मीडिया आदि इस कार्य के लिए सक्रिय नहीं होंगे तब तक चुनाव शुद्धि की कामना नहीं की जा सकती। सही लोकतंत्र की यदि परिभाषा दी जाए तो इसका अर्थ होता है.प्रेमए मैत्री व समता का विकास। लेकिन आज इसके विपरीत स्वार्थए धोखा व असहिष्णुता द्रोपदी के चीर की तरह वृद्धिगत हो रहे हैं। जो हमारे देशहित में नहीं हैं इस विषय पर हमें विचार करना होगा। तभी हम देश एवं समाज के विकास के लिए अपना योगदान दे सकते हैं।

# मोदी की मुँहमाँगी मुराद है अविश्वास प्रस्ताव

**राजेश कुमार पासीए**

विपक्ष ने मोदी से मणिपुर समस्या पर बयान लेने की जिद्द में उनकी सरकार के खिलाफ लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है जिसे लोकसभा स्पीकर ने स्वीकार कर लिया है । पहला सवाल तो यही है कि क्या ऐसी किसी जिद्द की जरूरत विपक्ष को होनी चाहिये थी ध् मेरा मानना है कि बिल्कुल नहींए जब विपक्ष अच्छी तरह से जानता हो कि सरकार को कोई नुकसान वो नहीं पहुँचा सकताए तब ऐसा करना कहाँ से उसको फायदा दे सकता है । इस पर मतदान के बाद देश को संदेश चला जायेगा कि मोदी सरकार आज भी विपक्ष के मुकाबले बहुत मजबूत है और उसके साथ न केवल उसका गठबन्धन मजबूती के साथ खड़ा हुआ है बल्कि कुछ और दल भी परोक्ष रूप से उसके साथ ही हैं ।

केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में और भगवंत मान ने पंजाब विधानसभा में अपना विश्वास प्रस्ताव पेश किया था जबकि दोनों सरकारों को तीन चौथाई बहुमत प्राप्त है । ऐसा उन्होंने जानबूझकर किया था क्योंकि वो विपक्ष को अपनी ताकत दिखाना चाहते थे और भाजपा पर हमला करना चाहते थे कि वो उनकी सरकार गिराना चाहती है । मोदी को ऐसी कोई कोशिश नहीं करनी पड़ीए उन्हें तो विपक्ष ने ही आगे बढ़कर मौका दे दिया कि वो न केवल अपनी सरकार की ताकत का प्रदर्शन करें बल्कि विपक्ष पर जबरदस्त भाषण से हमला कर सकें । काँग्रेस सहित विपक्ष के दूसरे दलों के अच्छे वक्ता लोकसभा में नहीं हैं लेकिन भाजपा के पास ऐसे कई योद्धा हैं जो अपने तीखे बाणों से विपक्ष पर जोरदार हमला करने कोशिश करेंगे ।

विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव अपनी हताशा में पेश किया है क्योंकि वो मोदी को मणिपुर की बहस में बुलाने की जिद्द पूरी नहीं कर पा रहा था । विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर लम्बी बहस के बाद प्रधानमंत्री से जवाब चाहता हैए उसकी यह मुराद तो पूरी हो सकती है । अविश्वास प्रस्ताव पर लम्बी बहस और प्रधानमंत्री से जवाब उसको मिल सकता है लेकिन फिर सवाल उठता है कि उसे इस जिद्द को पूरा करने की क्या कीमत चुकानी होगी ध् मणिपुर हिंसा पर मोदी सरकार सवालों के घेरे में हैए देश में उसके खिलाफ यह संदेश जा रहा है कि वो हालातों को संभालने में नाकाम रही है । यह अविश्वास प्रस्ताव मोदी सरकार को जनता के मन में उठ रहे सवालों के जवाब देने का मौका देगा ।

पाँच साल पहले 2018 में इसी तरह विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया था और उसे इसका नुकसान ही उठाना पड़ा था । राहुल गाँधी ने अपने भाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी को झप्पी डालकर पूरे देश को हैरान कर दिया था लेकिन अपनी सीट पर जाकर उन्होंने जिस तरह से ज्योतिराव सिंधिया को आँख मारी थीए उससे उनकी सारी शरारत देश की जनता के सामने आ गई थी । राहुल गाँधी की इस हरकत से उनकी बड़ी राजनीतिक किरकिरी हुई थी । वह प्रस्ताव बड़े बहुमत से गिर गया थाए आज सोशल मीडिया में वो वीडियो वायरल हो रहा हैए जिसमें मोदी जी ने कहा था कि विपक्ष इतनी ही मेहनत करें कि वो ऐसा ही प्रस्ताव 2023 में लेकर आये और अब विपक्ष ने उनकी वह भविष्यवाणी सच कर दी है । उन्होंने इस बयान से यह संदेश दिया था कि 2019 में उनकी सरकार वापिस आने वाली है और अब उन्होंने फिर ऐसा ही बयान दे दिया है कि वो अपने तीसरे टर्म में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाले हैं । काँग्रेस के लिये बड़ी परेशानी यह भी है कि राहुल गाँधी इस बार लोकसभा में बोल नहीं पायेंगे । लोकसभा के काँग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी से काँग्रेस क्या उम्मीद कर सकती है कि वो सरकार को अपने भाषण से घेर पायेंगे और मीडिया क्या उनको उतनी महत्ता देगा जितनी राहुल को देता है। विपक्ष के पास अविश्वास प्रस्ताव एक ब्रम्हास्त्र की तरह होता हैए जिससे वो सरकार को गिरा सकता है लेकिन इतिहास बताता है कि यह हथियार सिर्फ खिचड़ी सरकारों के खिलाफ ही काम कर सका है । बहुमत वाली सरकारों का यह कुछ नहीं बिगाड़ सकता और ये विपक्ष को मजाक का पात्र ही बना देता है । वैसे विपक्ष के पास मौका है कि वो मणिपुर मुद्दे पर इस प्रस्ताव की बहस में सरकार को घेर सकता है और उससे जवाब माँग सकता है कि वो मणिपुर में हालात क्यों नहीं संभाल पाई है

सरकार को लगभग 350 सांसदो का साथ मिल सकता है और विपक्ष के लिये 150 सांसदों का समर्थन जुटाना भी मुश्किल होगा । मतलब साफ है कि विपक्ष ने यह प्रस्ताव सिर्फ मणिपुर मुद्दे पर बहस के लिये ही पेश किया है । अमित शाह विपक्ष के इस प्रस्ताव पर हामी भर चुके थे कि मणिपुर मुद्दे पर बहस में मणिपुर को छोड़कर किसी और राज्य की बात नहीं होगी । ऐसी शर्त विपक्ष ने इसलिये रखी थी क्योंकि वो जानता था कि जब मणिपुर पर बहस होगी तो एनडीए के सांसद बंगालए बिहारए राजस्थानए छत्तीसगढ़ और केरल जैसे राज्यों के मुद्दों पर विपक्ष को घेरने की कोशिश करेंगे । इन राज्यों की कानून व्यवस्था को लेकर उठे सवालों का जवाब देना विपक्ष के लिये मुश्किल होगा । विपक्ष सरकार को घेरने की जगह खुद घिर सकता हैए इसका अहसास उसकी इस शर्त में ही छुपा हुआ है ।

मेरा मानना है कि विपक्ष जिस तरह की बहस से भागने की कोशिश कर रहा थाए वो अविश्वास प्रस्ताव के कारण उससे भी ज्यादा बुरी बहस का शिकार होने वाला है । अब सरकार के सांसद न सिर्फ विपक्ष शासित राज्यों की अव्यवस्था पर उसको घेरेंगे बल्कि वो जोर शोर से अपनी सरकार की उपलब्धियों का भी बखान करेंगे । वो विपक्ष शासित राज्यों की असफलताओं को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साथ सकते हैं ।

आप मेरी बात को नोट कर लीजियेण अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान मणिपुर मुद्दा ही गुम हो जाने वाला है और दूसरी बात मणिपुर मुद्दे पर भी सरकार को घेरने की जगह विपक्ष की मुख्य पार्टी काँग्रेस खुद सवालों के घेरे में आ सकती है । अगर आप मणिपुर की समस्या की थोड़ी बहुत जानकारी भी रखते हैं तो आपको पता होना चाहिये कि यह समस्या आजादी से चली आ रही है । मोदी सरकार के आने से पहले वहां बहुत खून बह चुका है और देखा जाये तो मोदी सरकार के आने के बाद उसमें कुछ कमी ही आई थी । नागा और कूकी समुदाय के बीच शांति स्थापित करने में सरकार कामयाब रही है । अभी तक मैतेई और कूकी समुदाय की वैसी जंग नहीं हो रही थीए जैसी अभी चल रही है । यह जंग भी मणिपुर के हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद शुरू हुई है जिसमें उसने मैतेई समुदाय को आदिवासी वर्ग में शामिल करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था । इस निर्देश के आने के बाद से ही कूकी समुदाय हिंसा पर उतर आया और आज यही समुदाय पीड़ित होने का दावा कर रहा है । यह हिंसा कूकियों द्वारा तब शुरू की गई जब सरकार ने हाई कोर्ट के निर्देश पर कोई कार्यवाही करने की बात भी नहीं की थी ।

एक अच्छी बात होने की उम्मीद की जा सकती है कि प्रस्ताव पर बहस से मणिपुर समस्या की वो सच्चाई देश की जनता के सामने आ सकती हैंए जो अभी तक जनता के सामने नहीं थी और वो विपक्ष के ही खिलाफ जाने वाली हैं । अभी ऐसा लग रहा है कि विपक्ष कूकी समुदाय को आदिवासी मानकर उसको पीड़ित घोषित करने में लगा है जबकि सच्चाई यह है कि मैतेई समुदाय भी आदिवासी ही हैए सिर्फ उनके आदिवासी होने का दर्जा उनसे छीन लिया गया है । देखते हैं कि विपक्ष किसका साथ देता हैए जो घोषित रूप से आदिवासी हैं या जो अघोषित रूप से आदिवासी हैं । मेरा स्पष्ट रूप से मानना है कि विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव को सरकार के खिलाफ एक ऐसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया हैए जो उसको बैकफायर करने वाला है । इसका पता आपको इस प्रस्ताव के गिरने के कुछ दिनों बाद ही चल जायेगा ।

# राजर्षि नये भारत के निमार्ता एवं हिन्दी के क्रांतिकारी योद्धा

**ललित गर्ग**

हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करवाने में जिन महापुरुषों का महत्वपूर्ण योगदान था उनमें सबसे अग्रणी थे राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के क्रांतिकारी नेता होने के साथ-साथ वे हिंदी के अनन्य सेवक, स्वतंत्रता सेनानी, समर्पित राजनयिक, कुशल वक्ता, ऊजार्वान पत्रकार, कवि, लेखक, साहित्यकार, समाज सुधारक और समाज सेवी होने के साथ एक बहुत ही संत स्वभाव के व्यक्तित्व थे। उनकी बहुआयामी और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को देखकर देवराहा बाबा ने उन्हें -ह्यराजर्षिह्न की उपाधि से विभूषित किया। राष्ट्रीयता के पोषक, भारतीय संस्कृति के परम हिमायती और पक्षधर होने पर भी राजर्षि रूढ़ियों और अंधविश्वासों के कट्टर विरोधी थे। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुप्रथाओं पर प्रहार करते हुए उनके खिलाफ सशक्त आवाज उठाई। उनमें एक अद्भुत आत्मबल था, जिससे वे कठिन से कठिन कार्य को आसानी से सम्पन्न कर लेते थे।

पुरुषोत्तम दास टंडन का जन्म एक अगस्त 1882 को उत्तर प्रदेश के इलाहबाद में खत्री परिवार में हुआ था। राधास्वामी सम्प्रदाय से संबंध रखने वाले पिता श्री शालिग्राम टंडन इलाहाबाद के एकाउण्टेण्ट जनरल आफिस में क्लर्क थे, उनके संत स्वभाव का उन पर खूब असर हुआ। बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रहे पुरुषोत्तम दास 1899 में इंटर की परीक्षा पास करते ही कांग्रेस के स्वयंसेवक बन गए। अपने क्रांतिकारी कार्यकलापों के कारण उन्हें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के म्योर सेंट्रल कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया था और 1903 में अपने पिता के निधन के बाद उन्होंने एक अन्य कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की। 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड का अध्ययन करने वाली कांग्रेस पार्टी की समिति के वह एक सदस्य थे। महात्मा गांधी के कार्यक्रमों एवं विचारों का उन पर विशेष प्रभाव पड़ा। गांधीजी के कहने पर वे वकालत को छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। वे सन 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के सिलसिले में बस्ती में गिरफ्तार हुए और उन्हें कारावास का दंड मिला। 1931 में लंदन में आयोजित गोलमेज सम्मेलन से गांधीजी के वापस लौटने से पहले जिन स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तार किया गया था उनमें जवाहरलाल नेहरु के साथ पुरुषोत्तम दास टंडन भी थे।

उन्होंने बिहार में कृषि को बढ़ावा देने के लिए काफी कार्य किए। 1933 में वह बिहार की प्रादेशिक किसान सभा के अध्यक्ष चुने गए और बिहार किसान आंदोलन के साथ सहानुभूति रखते हुए विकास के अनेक कार्य किए।

भारत की आजादी एवं आजाद भारत के निर्माण में पुरुषोत्तम दास टंडन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सन 1905 में उनके राजनीतिक जीवन का प्रारंभ हुआ जब बंगाल विभाजन के विरोध में समूचे देश में आन्दोलन हो रहा था। बंगभंग आन्दोलन के दौरान उन्होंने स्वदेशी अपनाने का प्रण किया और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार प्रारंभ किया। वे ह्यलोक सेवक संघह्न का भी हिस्सा रहे थे। 1920 और 1930 के दशक में उन्होंने असहयोग आन्दोलन और नमक सत्याग्रह में भाग लिया और जेल गए। भारत की आजादी के बाद 1951 में हुए देश के पहले चुनाव में पाँच प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए थे। इसके बाद 1952 में हुए उप-चुनाव में इलाहाबाद पश्चिम में कांग्रेस के पुरुषोत्तम दास टंडन निर्विरोध विजयी हुए। वे लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित ह्यलोक सेवा मंडलह्न का भी अध्यक्ष रहे। वे यूनाइटेड प्रोविंस (आधुनिक उत्तर प्रदेश) के विधान सभा के 13 साल (1937-1950) तक अध्यक्ष रहे। उन्हें सन 1946 में भारत के संविधान सभा में भी सम्मिलित किया गया। आजादी के बाद सन 1948 में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पट्टाभि सितारमैय्या के विरुद्ध चुनाव लड़ा, पर हार गए। सन 1950 में उन्होंने आचार्य जे.बी. कृपलानी को हराकर कांग्रेस अध्यक्ष पद हासिल किया पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के साथ वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया।

राजर्षि टंडन ने 10 अक्टूबर, 1910 को नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी के प्रांगण में हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना की।

# महिलाओं एवं बच्चियों के लापता होने की त्रासदी

मणिपुर में 19 जुलाई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने का वीडियो वायरल हुआ था, उस घटना ने देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है। अब ऐसी ही एक घटना पश्चिम बंगाल के मालदा में सामने आई है। यहां भीड़ ने दो महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। यह घटना मालदा के बामनगोला पुलिस स्टेशन के पाकुआ हाट इलाके में हुई। दोनों पीड़ित महिलाएं आदिवासी हैं। जब उनकी पिटाई हो रही थी और कपड़े उतारे जा रहे थे तो पुलिस वहां मूकदर्शक बनी खड़ी हुई थी। बात केवल आदिवासी महिलाओं की नहीं है, बात केवल महिलाओं पर हो रहे अपराधों, यौन-उत्पीड़न, बलात्कार, हिंसा की भी नहीं है, बल्कि अधिक विचलित करने वाली बात महिलाओं एवं बच्चियों के लापता होने की है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2021 के बीच यानी मात्र तीन वर्षों में देश भर में 13 लाख से अधिक लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। इन लापता होने वाली लड़कियों और महिलाओं में दलित, आदिवासी जनजाति की संख्या ज्यादा है। एक आदिवासी महिला के देश के राष्ट्रपति होने के बावजूद महिलाओं पर बढ़ते अपराध एवं लापता होने की घटनाएं अधिक चिन्ता का सबब है।

विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर एवं दुनिया की तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले देश की महिलाएं मध्ययुग से भी ज्यादा सामंती सोच, असंवेदना, असुरक्षा, हिंसा, वीभत्स अपराधों और हवस की शिकार बन रही हैं। आज जब देश में हर मुद्दे पर बहस छिड़ जाना आम बात हो गई है, दर्जनों टी.वी. चैनल एक से ही सवाल पर घंटों बहस करते हैं, आम चुनाव की चौखट पर खड़े देश के राजनीति दल ज्वलंत मुद्दों के नाम पर सरकार को घेरने की तलाश में रहते हैं तो इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के लापता होने एवं यौन-उत्पीड़न के सवाल पर बहस क्यों नहीं छेड़ी जाती? बहस इस बात पर भी होनी चाहिए कि दिल्ली के निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कानूनों को कठोर किया गया लेकिन कानून बन जाने के बाद भी स्थितियां क्यों नहीं सुधरी हैं? चिन्ता का कारण है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में कोई विशेष कमी आती नहीं दिख रही है। वे पहले की ही तरह यौन अपराधियों का शिकार बन रही हैं, लापता हो रही है। छेड़छाड, बलात्कार,. अपहरण, लापता होने और दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

बड़ा प्रश्न है कि तमाम कानून एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं होने के बावजूद आखिर इतनी बड़ी संख्या में लड़कियां और महिलाए कहां गायब हो रही हैं? यह वह प्रश्न है, जिसका उत्तर नीति-नियंताओं के साथ ही समाज को भी देना होगा, क्योंकि यह ऐसा मामला नहीं, जिसके लिए केवल सरकारों को कठघरे में खड़ा कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाए।

# बच्चों के रोल मॉडल हैं शिक्षक: अमृतपाल कौर

## सब मिल करें जिले को निपुण: डॉ आदर्श त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में संकुल शिक्षकों के क्षमता संवर्धन को जिला स्तर पर एक दिवसीय शिक्षक संकुल कार्यशाला भजन संध्या स्थल रैन बसेरा में हुई।

सोमवार को कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सीडीओ अमृत पाल कौर, प्राचार्य डायट डॉ आदर्श कुमार त्रिपाठी, बीएसए लव प्रकाश यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर किया। सीडीओ ने शिक्षकों, शिक्षक संकुलों को पांच बच्चों का प्रत्येक दिन निपुण लक्ष्य एप से स्पॉट असेसमेंट कर बच्चों के स्तर की शिक्षण रणनीतियां अपनाते हुए शिक्षण कार्य करने को प्रेरित किया। बच्चे शिक्षक के आचार-व्यवहार, पढ़ाने के तरीके, अनुशासन, कार्य-व्यवहार आदि से प्रभावित होते हैं। शिक्षकों का आचरण, कार्य शैली उत्कृष्ट कोटि की होनी चाहिए। जिले को एक्सीलेंट अवार्ड प्राप्त होने में शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर सभागार में मौजूद 245 शिक्षक संकुलों को प्रेरित करते हुए डायट प्राचार्य डॉ आदर्श कुमार त्रिपाठी ने ऋग्वेद का उदाहरण देते हुए शिक्षक संकुल को प्रत्येक अध्यापकों के लिए आदर्श प्रस्तुत करने एवं बच्चों को निपुण बनाने को प्रेरित किया। डॉ त्रिपाठी ने प्रत्येक शिक्षक संकुल को राज्य परियोजना के दिये समस्त शैक्षणिक सामग्रियों गणित किट,



विज्ञान किट, निपुण तालिका, शिक्षक संदर्शिका, कहानी पोस्टर, चित्र पोस्टर आदि के उपयोग को संवेदनशील होकर प्रभावी प्रयोग के निर्देश दिये। कार्यशाला को प्रभावी एवं उपयोगी बनाने को राज्य परियोजना कार्यालय से निर्धारित मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम अनुसार जिले के सभी एसआरजी, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता), जिला समन्वयक (एमआईएस) ने प्रेरक वीडियो का प्रदर्शन, जिले को निपुण बनाने को एकेडमिक स्ट्रैटजी, शिक्षक संकुल बैठकों को प्रभावशाली बनाने के तरीके, 10 प्वांइट टूल किट, उत्कृष्ट शिक्षक संकुलों ने सिचुएशनल एनालिसिस एक्टिविटी, दीक्षा एप का महत्व बताया। सभी प्रतिभागियों को विद्यालय, ब्लॉक, जिला एवं प्रदेश को निपुण बनाने संबंधी शपथ दिलायी। संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इस मौके पर डायट प्रवक्ता, समस्त एसआरजी, जिला समन्वयक, सभी विकासखण्डों के शिक्षक संकुल आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 167 मरीजों का किया उपचार

**खरेला। प्राथमिक** स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जहां पात्र 10 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड (गोल्डन) कार्ड अप्लाई किए गए। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 167 मरीजों का उपचार किया गया।

आरोग्य मेला में गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श, अथवा ओपीडी सेवाएं, टीवी मलेरिया डेंगू दिमागी बुखार कालाजार पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया सहित आई फ्लू बीमारी के मरीजों की संख्या ज्यादा रही। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 167 मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही मरीजों का उपचार कर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरेला मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के तहत दवा वितरित की गई।

# ग्रामीण की भूमि पर चकबन्दी विभाग करा रहा कब्जा

## ग्रामीण को जान से मारने का हमलावरों ने किया प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश कुमार मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि चकबन्दी अधिकारी सदियों पुराने राजमार्ग पर अतिक्रमण कर जुताई कराने को भू-माफियाओं की मदद कर रहे हैं।

सोमवार को समाजसेवी गिरजेश मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग झांसी-मिजार्पुर के किनारे श्रेणी एक की भूमि काश्तकारों को पूर्वजों से वरासत से मिली थी। बगल से वर्षों पुराना जिला परिषद



का राजमार्ग लगा हुआ है। जिला परिषद की सरकारी सड़क की नाप न करने व पत्थर न गाड़े जाने से तथा चकबंदी कानून को दरकिनार कर रुपयों की चकाचैंध में उड़ान चक से लाभान्वित नए-पुराने काश्तकारों के बीच सामने से गुजरने वाली जिला परिषद की सड़क वाली खाली जमीन को जोतने- बोने में आये दिन फसाद होता है। ऐसा ही वाक्या उनके साथ हुआ। काश्तकारों से आकार पत्र 23 पुरानी खतौनी मांगा तो उस पर भड़कने लगे। कहा कि उन्हें नहीं पता यहां जिला परिषद है। संक्रमणीय भूमिधर की भी जमीन हड़प ली है। चकबंदी कर्मियों ने किसी पट्टेदार को उड़ान चक देकर बिना नापे उसकी फरियादों को नजरअंदाज कर भूमि का मालिक संक्रमणीय काश्तकार को बना दिया। अवैध रूप से उड़ान चक पाने वाले भू-माफिया सुरिजदीन पुत्र रामकृपाल के कई पुत्र राजेश्वर प्रसाद, अखिलेश्वर प्रसाद, भुवनेश्वर प्रसाद पुत्रगण सुरिजदीन व अभिषेक पाण्डेय पुत्र उमेश्वर सभी एकराय होकर असलहा लेकर ट्रैक्टर समेत कब्जा करने की मंशा से 29 जुलाई को अपरान्ह दो बजे आये।

उन्होंने कहा कि पूर्वजों से प्राप्त राजमार्ग किनारे की बेसकीमती अचक गाटा 594 रकबा 289 हे को जोतने लगे। उसके विरोध पर ललकारते हुए मारने को दौडे। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया।

पीडित ने मांग किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे से गुजरने वाले जिला परिषद की सरकारी सड़क की भूमि व गांव सभा की भूमि समस्त अचक गाटों की नाप कराई जाये। अवैध उड़ान चकों से लाभान्वित काश्तकारों के चक उनके मूलचक में पुनः वापस करें। संक्रमणीय काश्तकार कौशल किशोर को अचक गाटा में पुनः नाप कराकर काबिज कराये।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन पर पुरस्कृत हुए प्रतिभागी




**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा समापन पर हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। सोमवार को महाविद्यालय के प्रबंधक सुंदरलाल सुमन ने कहा कि वाहन चलाते समय सभी वैध पत्र लेकर चलें। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस कुरील ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो 2021 के अनुसार 412432 सड़क दुर्घटनाएं हुई। जिनमें 153572 लोगों की मौतें हुई। दुर्घटनाओ में 384448 लोग घायल हुए। अर्थात प्रतिदिन 415 लोगों की मौतें हुई। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुवेर्दी ने कहा कि यह संदेश समाज तक पहुंचाने को छात्र छात्राओं ने प्रयास किया। समापन में मुख्य अतिथि/प्रभारी निरीक्षक क्राइम ब्रांच मऊ ने यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। महाविद्यालय से तहसील तक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर मऊ मुख्य चैराहे व रैली दौरान जगह-जगह वाहन चालकों को रोक कर यातायात नियमों का पालन करने को कहा। कार्यक्रम में संदीप द्विवेदी, महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। संचालन प्रो एस कुरील ने किया।

### नाबालिग बालिका अपहृत, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कुमारगंज (अयोध्या)। कुमारगंज** थाना क्षेत्र स्थित एक गांव से 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को अगवा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। अपहत बालिका की खोजबीन कर थकी हारी मां ने मामले में पड़ोसी गांव के युवकों के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी। जिसके आधार पर प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज द्वारा आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। मामले में पुलिस दो आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे कड़ी पूछताछ में जुटी है। हालांकि पुलिस अभी अगवा की गई नाबालिग बालिका बरामद नहीं कर सकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव से एक दलित नाबालिग बालिका को बीते 28 जुलाई की रात अगवा कर लिया गया। बेटी को घर से गायब होने के बाद उसके परिजनों ने काफी खोजबीन की, किंतु कहीं पता नहीं चल सका। अंत में थक हार कर पीड़ित मां ने कुमारगंज पुलिस का दरवाजा खटखटाया और मामले में पड़ोसी गांव मसेढ़ा निवासी एक युवक सहित उसके पिता एवं दो भाइयों के खिलाफ आशनाई के चक्कर में बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने मामले में आरोपियों प्रदीप कुमार, दीपक कुमार एवं संदीप कुमार के खिलाफ 363, 366, 504, 506 व 352 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय पाल महासभा की जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में संरक्षक मंडल की मौजूदगी में गणमान्य सदस्यों व संरक्षक मंडल का आभार नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष कुबेर पाल ने जताया।

सोमवार को महासभा की अध्यक्षता बीडी पाल ने की। संरक्षक मंडलों में खासतौर से जगमोहन पाल, राजकुमार पाल एड, रामस्वरूप पाल प्रधानाचार्य, मेडेलाल, चुनकू पाल, राम पाल, फत्तेलाल पाल एड, जमुना पाल, राजाराम पाल सदस्य जिला पंचायत ने सभा में विचार रखे। कमेटी के पदाधिकारियों को मेडेलाल पाल ने शपथ दिलाई।



जिले की कमेटी के पदाधिकारीयों में उदयराज पाल पूर्व प्रधान सेमरा, राम नरेश पाल प्रधान किटहाई, रामचरण पाल, प्रेम नारायण पाल अगरहुडा, राम प्रकाश पाल इटौंरा, कमलेश पाल पूर्व प्रधान, मौजीलाल पाल पूर्व प्रधान, शिवानन्द पाल एड मंडौर, शशिभूषण पाल एड चिल्लीमल, बाबूलाल पाल एड रगौली, विनोद पाल एड, दिनेश पाल एड पथरहुडी, सीएल पाल भौरी, कर्वी ब्लॉक के रामनरेश पाल कसहाई, राजकुमार पाल कवीर्माफी, गया पाल रौली, नरेंद्र पाल ब्लॉक पहाड़ी, मनभूषण पाल सरधुआ, नन्दलाल पाल चनहट, होरीलाल पाल चिल्लीमल, गया पल, ब्लॉक मऊ के दिनेश पाल, शिव गोविन्द पाल हन्ना, राजकरण पाल मंड़ौर, ब्लॉक मानिकपुर के अवधेश पाल अगरहुडा, शारदा पाल मास्टर साहब, भवानीदीन पाल हनुआ, जगन्नाथ पाल, ब्लॉक रामनगर अयोध्या पाल, संतोष पाल रामाकोल, तिलक नारायण पाल रौखरी, शिव नरेश पाल, भागवत पाल, संतु पाल आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष पाल महासभा विनय कुमार पाल एड ने किया।

# एक निरीक्षक-दो दरोगाओं को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूरी करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विदाई समारोह में तीन लोगों को भावभीनी विदाई दी गई।

सोमवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने सेवानिवृत हुए निरीक्षक रामजीत यादव, दरोगा मलखान सिंह एवं दरोगा बलवान सिंह को माला पहनाकर प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। कहा कि नौकरी में ये प्रक्रिया



चलती रहेगी। विदा हुए कर्मचारी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सेवानिवृत हो रहे दरोगाओं को मौजूद अधिकारी/कर्मचारियों ने नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया। एएसपी ने सेवानिवृत कर्मियों से कहा कि घर जाकर स्वास्थ्य का ध्यान रखें और व्यायाम करते रहें। अपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है। उन्होंने पुलिस विभाग की ओर से उनके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की कामना की। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी यातायात/लाइन्स शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण, दरोगा एपी रामदीन, प्रधान लिपिक अनुज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# जालसाज ने विवादित भूमि पर बनवा लिया किसान क्रेडिट कार्ड

**मिल्कीपुर-अयोध्या। बड़ौदा पूर्वी** उत्तर ग्रामीण बैंक शाखा इनायतनगर से कूट रचित दस्तावेज लगाकर जालसाज द्वारा बैंक को गुमराह करके विवादित भूमि पर किसान क्रेडिट कार्ड दलाल के माध्यम से बनवा लिया बैंक प्रबंधक अपने को फंसता देख किसान क्रेडिट कार्ड को बंद करने का दांव पेच चला रहे हैं मामला इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अस्थाना निवासी राजेश कुमार पुत्र शिव नारायण द्वारा बैंक को गुमराह करके किसान क्रेडिट कार्ड विवादित भूमि पर बनवा लिया जो कि राजेश कुमार ने उस विवादित भूमि का 17 जून 2022 को उपनिबंधक मिल्कीपुर के यहां विवेक कुमार पुत्र कालिका प्रसाद निवासी अस्थाना को 3 लाख रुपए में 1 वर्ष के लिए रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर दिया था परंतु कुछ दिन बाद राजेश कुमार पुत्र शिवनारायण ने स्वयं न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर इकरारनामा रद्द करने की गुहार किया तो विवेक कुमार ने भूमि का बैनामा इकरारनाम की शर्त पर भूमि का बैनामा कराने के लिए न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर दिया वाद संख्या 114 बटा 2023 जो जिला न्यायालय सिविल जुडिशल के यहां चल रहा है इधर राजेश कुमार ने उक्त भूमि पर लेखपाल के फर्जी हस्ताक्षर युक्त खसरा लगा लगाकर ग्रामीण बैंकशाखा इनायत नगर से किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया खसरे में जो फसल दिखाई गई वहां कुछ नहीं मौके पर उक्त विवादित भूमि पर 5 फिट गहरा तालाब जैसा चक फिर भी बैंक से फील्ड अफसर चंद रुपयों के लालच में बगैर स्थलीय निरीक्षण किए राजेश कुमार के खाते में 67 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया।

### हाईकोर्ट ने खारिज की श्याम की याचिका

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुरानी बाजार स्थित रामलीला भवन को नगर पालिका के अधिग्रहण करने के बाद श्याम गुप्ता रामलीला भवन पर कब्जे को फडफडा रहे हैं।

सोमवार को पुरानी बाजार के ऐतिहासिक रामलीला भवन पर पहले श्याम गुप्ता का अवैध कब्जा था। रामलीला भवन पर अवैध कब्जे से श्याम गुप्ता ने ढेरों दौलत कमाई है। इसी दौलत को कमाने के चक्कर में उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रामलीला भवन बाबत एक याचिका दायर की थी।

याचिका की बाबत नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने हाईकोर्ट को सही जानकारी उपलब्ध कराई। हाईकोर्ट में रामलीला भवन के सभी प्रपत्र जमा कराये। हाईकोर्ट ने श्याम गुप्ता की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका खारिज होने से श्याम गुप्ता इन दिनों खासे परेशान हैं।

### एसपी के निर्देश पर सडक हादसों के निस्तारण को दरोगा प्रशिक्षित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी यातायात ने सड़क हादसों के क्लेम के त्वरित निस्तारण को सभी थानों के 13 दरोगाओं को प्रशिक्षण दिया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में क्षेत्राधिकारी यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय ने प्रभारी यातायात मनोज कुमार की मौजूदगी में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में सड़क दुर्घटना क्लेम के त्वरित निस्तारण को सभी थानों के 13 दरोगाओं को प्रशिक्षण दिया। यातायात निदेशालय के निर्देशों के क्रम में प्रत्येक थाना स्तर पर एक स्पेशल यूनिट मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम के मामलों को त्वरित निस्तारण को गठित करने एवं थाना स्तर से चिन्हित दरोगाओं को भौतिक प्रशिक्षण दिया।

इस प्रशिक्षण में स्पेशल यूनिट मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम के मामलों को जल्द निस्तारण को एसओपी के अनुसार दरोगाओं को प्रशिक्षित कर महत्वपूर्ण बिन्दुओं की बाबत अवगत कराया। सड़क दुर्घटनाओं की छानबीन प्रक्रिया में प्रशिक्षण दौरान थाना स्तर पर चिन्हित दरोगाओं को पॉवर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन से निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार स्पेशल यूनिट मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम के मामले को जल्द निस्तारण को कार्यवाही करने को प्रशिक्षित किया। एसओपी में दिये 19 बिन्दुओं के अनुसार प्रारूप भरने एवं इससे सम्बन्धित होने वाली सभी कार्यवाही कराने बाबत प्रशिक्षित किया।

### मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब, पुलिस की सुरक्षा शिवभक्त कर रहे भोलेनाथ का अभिषेक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुरुषोत्तम मास के सोमवार को रामघाट स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में श्रृद्धालुओं की भीड उमड पडी। हर-हर महादेव से धर्मनगरी तडके तीन बजे से गूंज रही है। भगवान शिव पर जलाभिषेक को श्रद्धालु लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने को भारी पुलिस बल तैनात है।

सोमवार को तडके तीन बजे से ही शिव भक्त मत्स्यगयेन्द्रनाथ जलाभिषेक को पहुंच गये। मंदिर के पुजारी प्रदीप ने बताया कि तमाम श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके हैं। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर भारी पुलिस बल भक्तों की सुरक्षा को तैनात है। शिवभक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

मंदाकिनी नदी किनारे स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर के बारे में दिव्यजीवन दास महाराज ने बताया कि यह त्रेतायुग के पहले का मंदिर है। यहां भगवान शिव की मूर्ति की स्थापना स्वयं ब्रह्मा जी ने की है। वनवास काल में भगवान राम ने भगवान शिव का इसी मंदिर में पूजा करते थे। यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगते हैं। इस मंदिर में चार शिवलिंग हैं। जो ब्रह्मा-विष्णु ने स्थापित किए हैं।

### डीएम ने प्राधिकरण के नवनिर्मित कार्यालय का किया शुभारम्भ




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने क्षेत्र विशेष विकास प्राधिकरण के नवनिर्मित भवन कार्यालय का विधिवत पूजन-अर्चन कर फीता काटकर लोकार्पण किया। जिलाधिकारी ने कार्यालय एवं परिसर का निरीक्षण कर कार्यों की सराहना करते हुए प्राधिकरण कर्मियों को नए भवन की बधाई भी दी। सोमवार को प्राधिकरण की सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार, वित्तीय परामर्शदाता पंचानन बर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव, नायब तहसीलदार कर्वी रामानंद मिश्रा, मंगल सिंह, अवर अभियंता प्राधिकरण आनंद प्रकाश द्विवेदी, अवर अभियंता नगर पालिका संतोष सिंह राठौर, अवर अभियंता आवास विकास अनूप कुमार विमल, वरिष्ठ सहायक शैलेंद्र सिंह, मानचित्रकार राकेश गुप्ता, कनिष्ठ सहायक श्रीमती आशा शुक्ला समेत प्राधिकरण के अनुज्ञाधारी मानचित्रकार वास्तु विद आदि मौजूद रहे।

### तीन बच्चों की मां प्रेमी के साथ हुई रफूचक्कर

**उरई(जालौन)। कोंच कोत**वाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में तीन बच्चों की मां जेवर पैसा लेकर प्रेमी संग भागी।पति ने काफी खोजबीन की।जब पता नहीं लगा तो उसके द्वारा पुलिस को लिखित रूप से शिकायत की गई।पति द्वारा पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि साहब मेरी पत्नी खोजने में मेरी मदद करो।

## दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से FATF समीक्षा के दौरान भारत को मिलेगी मदद, वित्तीय अधिकारियों का दावा

**गांधीनगर।** वित्तीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के एक फैसले ने अमेरिकी ऑनलाइन भुगतान गेटवे PayPal को धन शोधन विरोधी कानून के तहत एक रिपोर्टिंग इकाई घोषित किया है, जिससे यह भारत के प्रयासों को यह दिखाने को बढ़ावा मिलेगा कि उसकी वित्तीय प्रणालियां मजबूत हो रही हैं, जो अभी एफएटीएफ की समीक्षा के तहत हैं। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की अदालत ने 24 जुलाई को फैसला सुनाया कि PayPal धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भुगतान प्रणाली ऑपरेटर के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि, अदालत ने दिसंबर 2020 में वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) द्वारा फर्म पर लगाए गए 96 लाख रुपये के जुर्माने को रद्द कर दिया। पेरिस स्थित वैश्विक निकाय फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स धनशोधन और आतंकवादी वित्तपोषण अपराधों के खिलाफ कार्रवाई का नेतृत्व करता है। वर्तमान में इसमें भारत की धनशोधन रोधी प्रणाली की समीक्षा चल रही है। एफएटीएफ टीम का दौरा नवंबर में शुरू होने की उम्मीद है। वित्तीय अधिकारियों ने बताया कि पीएमएलए के तहत रिपोर्टिंग इकाई के रूप में PayPal का वर्गीकरण यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसे सभी बड़े भुगतान गेटवे और प्लेटफॉर्म विनियमित हों और वे पीएमएलए के तहत एफआईयू के साथ निर्धारित संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) और सीमा पार वायर ट्रांसफर रिपोर्ट साझा करें।

## चीन की विनिर्माण गतिविधियां जुलाई में घटी, आर्थिक मंदी का दबाव बढ़ा

**बीजिंग।** निर्यात में कमी के चलते चीन की विनिर्माण गतिविधियां जुलाई में घट गईं, जिससे सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी पर आर्थिक मंदी को दूर करने का दबाव और बढ़ गया है। सोमवार को जारी एक सर्वेक्षण से यह पता चला। राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी और एक उद्योग समूह द्वारा जारी क्रय प्रबंधक सूचकांक जून के 49 अंक



से बढ़कर जुलाई में 49.3 अंक हो गया। हालांकि, इस सूचकांक में 50 से कम अंक का अर्थ है कि गतिविधियां घट रही हैं। एचएसबीसी के एरिन शिन ने एक रिपोर्ट में कहा कि चीन का विनिर्माण पीएमआईसंकुचन को दर्शा रहा है, क्योंकि बाहरी क्षेत्र में दबाव बढ़ गया है। ऐसे में चीन को राजकोषीय और मौद्रिक उपायों के जरिए वृद्धि का समर्थन करना पड़ सकता है।

## Google Ads ने जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल करके स्वतः तैयार विज्ञापन टूल पेश किया

**नई दिल्ली।** गूगल के वैश्विक विज्ञापनों के उपाध्यक्ष डैन टेलर ने कहा कि विज्ञापनदाता और व्यवसाय अब गूगल एड्स मंच पर स्वतः तैयार विज्ञापनों का लाभ उठा सकेंगे। गूगल एड्स लार्ज लर्निंग मॉडल (एलएनएम) और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेन एआई) का उपयोग करके विपणक से मिली सूचना के आधार पर प्रचार अभियान की रूपरेखा तैयार कर सकेगा। उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान कहा कि यह विज्ञापनदाताओं के लैंडिंग पेजों और अच्छा प्रदर्शन करने वाले सवालों से सीखता है। टेलर ने इस साल 10 मई को गूगल आई/ओ के दौरान परफॉरमेंस मैक्स जैसे विपणक और विज्ञापनदाताओं के लिए पेश किए गए जेन एआई टूल का जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि कैसे मिंत्रा, सैमसंग, एचडीएफसी और टाटा एआईजी जैसे ब्रांडों ने एआई के इस्तेमाल से 18 प्रतिशत तक अधिक नतीजा हासिल किया। कंपनी ने कहा कि उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता पर भी उसका पूरा ध्यान है। उन्होंने कहा कि एशिया-प्रशांत के 11 बाजारों के 16,500 व्यक्तियों के सर्वेक्षण के दौरान 10 में से आठ उपभोक्ताओं ने अपनी व्यक्तिगत जानकारी की ऑनलाइन गोपनीयता और सुरक्षा के महत्व को स्वीकार किया। टेलर ने कहा कि यह उपभोक्ताओं की वास्तविक चिंता है और ऐसा नहीं होने की स्थिति में 70 प्रतिशत लोग किसी ब्रांड से जुड़ना बंद कर देंगे।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट है। अभी ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड




0.39 डॉलर यानी 0.46 फीसदी की गिरावट के साथ 84.60 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.22 डॉलर यानी 0.27 फीसदी लुढ़ककर 80.36 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## फिर उड़ान भरते नजर आ सकते हैं जेट एयरवेज के विमान! DGCA ने हवाई परिचालन प्रमाणपत्र को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिवालिया विमानन कंपनी जेट एयरवेज के विमान एक बार फिर उड़ान भरते नजर आ सकते हैं।

कंपनी के लिए सफल बोली लगाने वाले जालान-कालरॉक कंसोर्शियम ने सोमवार को कहा कि नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन के हवाई परिचालन प्रमाणपत्र को रिन्यू कर दिया है।

बता दें कि नकदी संकट से जूझ रही जेट एयरवेज ने 17 अप्रैल 2019 से उड़ान बंद कर दी थीं। इसके बाद 20 मई 2022 को हवाई परिचालन प्रमाणपत्र (एओसी) फिर से जारी किया गया। हालांकि, एयरलाइन का परिचालन शुरू नहीं हो पाया, जिसके चलते एओसी 19 मई, 2023 को खत्म हो गई।




जालान-कालरॉक गठजोड़ (जेकेसी) ने एक बयान में कहा कि उसे '28 जुलाई 2023 को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से जेट एयरवेज का एओसी मिल गया है।' बयान में कहा गया कि एओसी का नवीनीकरण जेट एयरवेज के पुनरुद्धार में डीजीसीए के भरोसे को फिर से प्रमाणित करता है।

## पिछले 15 दिनों में रियायती दरों पर 560 टन टमाटर की हुई बिक्री : एनसीसीएफ

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) ने कहा कि पिछले 15 दिनों में रियायती दरों पर 560 टन टमाटर बेचा गई है। सहकारी संस्था एनसीसीएफ पिछले एक सप्ताह से दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 70 रुपये प्रति किलोग्राम के रियायती दर पर टमाटर की बिक्री कर रहा है। एनसीसीएफ ने जारी बयान में बताया कि उसने दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पिछले 15 दिनों में रियायती दरों पर 560 टन टमाटर बेचा है। देशभर में प्रमुख टमाटर उत्पादक राज्यों में भारी बारिश के कारण खुदरा बाजार में



टमाटर की कीमत 200 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं हुई है। इस वजह से एनसीसीएफ ने टमाटर की रियायती दरों पर बिक्री जारी रखी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में टमाटर की बिक्री मोबाइल वैन, केंद्रीय भंडार की चुनिंदा दुकानों और सरकार समर्थित ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के माध्यम से कर रहा है। एनसीसीएफ महंगाई से राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री की जा रही है। वहीं, नेफेड बिहार और अन्य राज्यों में टमाटर को रियायती दरों पर बेच रहा है। उल्लेखनीय है कि एनसीसीएफ ने 14 जुलाई को 90 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री शुरू की थी, जिसे बाद में घटाकर 70 रुपये प्रति किलोग्राम तक कर दिया गया है।

## India के सुपर प्रीमियम खंड में 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर है सैमसंग की नजर

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक कंपनी सैमसंग की भारत के सुपर प्रीमियम खंड में 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने पर नजर है। कंपनी को उम्मीद है कि वह अपनी फोल्डेबल डिवाइस्स गैलेक्सी फोल्ड 5 और गैलेक्सी फ्लिप 5 के जरिए इस लक्ष्य को हासिल करने में सफल होगी। फिलहाल भारत के सुपर प्रीमियम स्मार्टफोन खंड में आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल का दबदबा है। इस श्रेणी में 1,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 82,000 रुपये) से अधिक कीमत वाले हैंडसेट शामिल हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष और मोबाइल अनुभव कारोबार के प्रमुख टी एम रोह ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य सुपर प्रीमियम खंड में गैलेक्सी फोल्ड 5 और गैलेक्सी फ्लिप 5 की पेशकश के साथ अपनी बाजार हिस्सेदारी को मौजूदा 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना है। उन्होंने कहा, भारत के सुपर प्रीमियम खंड में सैमसंग फोल्डेबल की बाजार हिस्सेदारी लगभग 35 प्रतिशत है। अब फोल्ड 5 और फ्लिप 5 की पेशकश के साथ हम इस खंड में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदार का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार सैमसंग ने 2023 की पहली तिमाही में 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय बाजार का नेतृत्व किया और अल्ट्रा प्रीमियम श्रेणी (45,000 रुपये से अधिक के स्मार्टफोन) में इसकी हिस्सेदारी एक साल में 247 प्रतिशत बढ़ गई।

## 2030 तक 4000 डॉलर होगी प्रति व्यक्ति आय, भारत की आर्थिक वृद्धि में विदेशी व्यापार की अहम

**नई दिल्ली।** देश में प्रति व्यक्ति आय 2029-30 तक करीब 70 फीसदी बढ़कर 4,000 डॉलर पहुंच जाएगी।?2022-23 में प्रति व्यक्ति आय 2,450 डॉलर थी।?स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा, प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से भारतीय जीडीपी को समर्थन मिलेगा। उसका आकार 2029-30 तक 6 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा।? रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में घरेलू उपभोग में वृद्धि देखी जा रही है। 2029-30 तक जीडीपी में घरेलू उपभोग का हिस्सा आधा से अधिक हो जाएगा।?रिपोर्ट में कहा गया है कि 2000-01 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 460 डॉलर थी, जो 2010-11 में बढ़कर 1,413 डॉलर पहुंच गई।?2020-21 में यह और बढ़कर 2,150 डॉलर पहुंच गई। ?



2022-23 में प्रति व्यक्ति आय 2,450 डॉलर थी। वहीं, 2022-23 तक 3,360 डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ राज्यों में तेलंगाना शीर्ष पर है। कर्नाटक दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा।

**विदेशी व्यापार की अहम भूमिका–** रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2030 तक भारत की आर्थिक वृद्धि में विदेशी व्यापार की अहम भूमिका होगी। इस अवधि तक भारत का विदेशी व्यापार करीब दोगुना बढ़कर 2.1 लाख करोड़ डॉलर पहुंच जाएगा। 2022-23 में यह 1.2 लाख करोड़ डॉलर रहा था।

## आरबीआई को ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखना चाहिए, विशेषज्ञों ने दी राय, 8-10 अगस्त को होगी एमपीसी की बैठक

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व और यूरोपीय सेंट्रल बैंक द्वारा बेंचमार्क दरों में बढ़ोतरी के बावजूद रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा अपनी आगामी द्विमासिक नीति समीक्षा में लगातार तीसरी बार प्रमुख ब्याज दरों पर यथास्थिति बनाए रखने की संभावना है। क्योंकि घरेलू मुद्रास्फीति आरबीआई के सुविधाजनक क्षेत्र के भीतर है।

उधार लेने की लागत पिछले साल मई में बढ़नी शुरू हुई थी, लेकिन इस साल फरवरी के बाद से आरबीआई द्वारा रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के साथ स्थिर हो गई है। फरवरी में रेपो दर 6.25 प्रतिशत से बढ़कर 6.5 प्रतिशत किया गया था। अप्रैल और जून में पिछली दो द्विमासिक नीति समीक्षाओं में बेंचमार्क दर को बरकरार रखा गया था। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक आठ से 10 अगस्त को होने वाली है। नीतिगत निर्णय की घोषणा 10 अगस्त को गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा की जाएगी।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई दरों और रुख दोनों पर यथास्थिति बनाए रखेगा। इसका कारण यह है कि जब मुद्रास्फीति वर्तमान में पांच प्रतिशत से कम चल रही है, आने वाले महीनों में सब्जियों और दालों की कीमतों में तेजी से वृद्धि के साथ इस संख्या में कुछ बढ़ोतरी का जोखिम होगा। इसलिए, एक विस्तारित विराम अपेक्षित है। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में आरबीआई ने तीसरी तिमाही के लिए मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, ऐसे में यह संभावना नहीं दिखती है कि अगले कैलेंडर वर्ष की शुरुआत तक रेपो दर या रुख में बदलाव किया जा सकता है। नीतिगत रुख पर कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा, चूंकि 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा के बाद तरलता की स्थिति अनुकूल हो गई है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई समायोजन वापसी के मौजूदा रुख पर कायम रहेगा। भारद्वाज ने कहा, सभी की निगाहें इस बात पर होंगी कि घरेलू मुद्रास्फीति कैसे चलती है और वैश्विक संकेत अमेरिकी फेडरल के मौद्रिक सख्त चक्र से बाहर निकलने की अधिक संभावना का सुझाव दे रहे हैं, जिससे राहत मिलेगी। पिछले हफ्ते अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर 0.25 अंक बढ़ाकर 5.25 से 5.5 प्रतिशत कर दी थी, जिससे यह कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने गुरुवार को एक चौथाई प्रतिशत अंक की नई दर वृद्धि की घोषणा की, जिससे इसकी मुख्य दर 3.75 प्रतिशत हो गई। यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने भी अपनी मुख्य दर में चौथाई फीसदी की बढ़ोतरी की है।

## पीयूष गोयल ने कहा- जल्द ही लॉन्च किए जाएंगे भारतीय आकार के फुटवियर, विदेशी रुझानों पर कम होगी निर्भरता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जल्द ही अपना 'भारतीय आकार का फुटवियर' लॉन्च करेगा, जिससे विदेशी आकार के रुझानों पर निर्भरता कम हो जाएगी।नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर 2023 को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा और उच्चतम गुणवत्ता वाला फुटवियर निर्माता बनने की

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।




है। गोयल ने आगे बताया कि इस क्षेत्र में 95 फीसदी से अधिक उत्पादन इकाइयां सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयां हैं। स्थानीय कच्चे माल के बारे में बोलते हुए मंत्री ने 'महाराष्ट्र के कोल्हापुरी फुटवियर और राजस्थान के मोजरी फुटवियर' की प्रशंसा की। उन्होंने कि ये अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के लिए आकर्षण के क्षेत्र होने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका अपना एक समृद्ध और अलग इतिहास है।

**उद्योग को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों का किया जिक्र**

केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारतीय फुटवियर और चमड़ा उपकरण का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक और चमड़े के सामान का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक विकास कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा परीक्षण केंद्र स्थापित की जाएंगी। 'व्यापार करने में आसानी' के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा, कॉर्पोरेट अपराधों का गैर-अपराधीकरण करने, अनुपालन बोझ को कम करने, सभी अनुमोदनों के लिए एक राष्ट्रीय एकल खिड़की बनाने, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित करने और बहुत कुछ किया जा रहा है। गोयल ने हितधारकों से गुणवत्ता और स्थिरता, पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रियाओं, अपशिष्ट प्रबंधन और बिजली के लिए नवीकरणीय स्रोतों की खोज पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवसाय का विस्तार करने का आग्रह किया। मंत्री ने बड़े और बेहतर विकास के लिए नवीन डिजाइनों के रूप में प्रतिस्पर्धात्मकता अपनाने की भी बात की। उन्होंने कहा कि निर्यातकों द्वारा उत्पादों को नवीन और टिकाऊ तरीके से विकसित किया जाना चाहिए।

'मूल्य श्रृंखला' को आगे बढ़ाने के लिए डिजाइन क्षमताओं के बारे में बोलते हुए गोयल ने कहा कि उत्पादन को बढ़ाने और नवीन उत्पादों का उत्पादन करने के लिए निवेश और प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## 1 अगस्त से बदल जाएंगे वित्तीय जगत से जुड़े जरूरी नियम

**नई दिल्ली।** अगस्त महीने की शुरुआत होने के साथ ही वित्तीय जगत से जुड़े कई नियमों में बदलाव होने वाला है। इन नियमों में आईटीआर रिटर्न के अलावे जीएसटी और क्रेडिट कार्ड के भुगतान से संबंधित नियम शामिल हैं। ऐसे में इनके बदलने से आपकी जेब पर सीधा असर पड़ेगा। 1 अगस्त, 2023 से जीएसटी, भुगतान प्रणाली से जुड़े विभिन्न बदलाव प्रभाव में आएंगे साथ ही एलपीजी, पीएनजी और कमर्शियल गैस की कीमतों में भी बदलाव होने का अंदेशा है। आइए जानते हैं एक अगस्त से होने वाले प्रमुख बदलावों के बारे में। सरकार की घोषणा के अनुसार एक अगस्त 2023 से 5 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले कारोबारियों को इलेक्ट्रॉनिक इनवॉइस देना पड़ेगा। ऐसे में जीएसटी के दायरे में आने वाले कारोबारियों के लिए यह जरूरी है कि वे संबंधित नियमों के बारे में विस्तार से जानकार इलेक्ट्रॉनिक इनवॉइस की तैयारी कर लें।




आयकर रिटर्न भरने की आज यानी 31 जुलाई आखिरी तारीख है, इसलिए एक अगस्त से आईटीआर भरने वाले लोगों को जुर्माने का भुगतान करना पड़ेगा। पांच लाख रुपये से अधिक की आय वाले लोग अगर आज रात 12 बजे तक अपना आईटीआर दाखिल नहीं करते हैं तो उन्हें कल से ऐसा करने केलिए एक से पांच हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। सरकार ने आयकर रिटर्न भरने की तारीख बढ़ाने का कोई एलान नहीं किया है।

**बैंकों में 14 दिन की छुट्टियां**

अगस्त में रक्षा बंधन, स्वतंत्रता दिवस समेत विभिन्न त्योहारों के कारण बैंक 14 दिन बैंक शाखाएं बद रहेंगी। इन छुट्टियो में छुट्टियों में शनिवार और रविवार को मिलने वाली साप्ताहिक छुट्टियां भी शामिल हैं। हालांकि इन 14 दिनों की छुट्टियों के दौरान बैंकों की ऑनलाइन सेवाएं काम करती रहेंगी।

**रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव**

अगस्त में एलपीजी के साथ-साथ वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतों में भी परिवर्तन होने की आशंका है। तेल कंपनियां हर महीने की 1 और 16 तारीख को रसोई गैस की कीमत में बदलाव करती हैं। इसके अलावा पीएनजी और सीएनजी के रेट में भी बदलाव हो सकता है।

**पेट्रोल-डीजल की कीमत भी बदल सकते हैं**

हर महीने की आखिरी तारीख को मध्यरात्रि में तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमतों की घोषणा करते हैं। ऐसे में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी एक अगस्त से बदलाव किया जा सकता है। बता दें कि पिछले साल 21 मई से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

**क्रेडिट कार्ड के कैशबैक से जुड़े नियमों में होगा बदलाव**

अगर आप एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो भी आपकी जेब पर प्रतिकूल असर पड़ने वाला है। एक्सिस बैंक और फ्लिपकार्ट से खरीदारी करने वाले लोगों को नए नियमों के मुताबिक 12 अगस्त से खरीदारी करने पर कैशबैक मिलेगा।

## गो फर्स्ट की उड़ानें 31 जुलाई तक के लिए रद्द; हवाई यात्रियों से असुविधा के लिए मांगी माफी

**नई दिल्ली।** गो फर्स्ट एयरलाइन ने अपनी सभी उड़ानें 31 जुलाई तक के लिए रद्द कर दी हैं। परिचालन कारणों से विमानना कंपनी ने यह फैसला लिया है। विमानन कंपनी ने यात्रियों से असुविधा के लिए माफी मांगी है। दरअसल, आर्थिक संकट से जूझ रही कंपनी ने तीन




मई से ही अपनी सभी उड़ाने बंद कर रखी हैं।

**पैसे लौटाने के लिए गो फर्स्ट ने मांगी मंजूरी**

गो फर्स्ट एयरलाइंस ने यात्रियों के पैसे लौटाने के लिए मंजूरी मांगी है। इसके लिए समाधान पेशेवरों ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की दिल्ली बेंच के पास आवेदन दाखिल किया है। उन यात्रियों को पैसे वापस दिए जाएंगे, जिनके टिकट 3 मई के बाद के हैं, क्योंकि इसी दिन से कंपनी ने उड़ानों को बंद कर रखा है। यदि दिवाला न्यायाधिकरण मंजूरी दे देता है तो यह उन हवाई यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत होगी, जिनका पैसा गो फर्स्ट में फंस गया है।